नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 337 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 3 अक्टूबर 2023

पेज -4 पर गांधी जयंती पर भरोसे की यात्रा सक्ती विधानसभा की जनता को साधने....

भूपेश है तो भरोसा है को लेकर निकाली गई भरोसा यात्रा पेज -8 पर



श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

शारदीय नवरात्र 2023 (15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2023 तक)

मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, योगेश गोपाल (गोपाल बाबू) 9993318928, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।

## एक नजर

### आज बस्तर आएंगे पीएम मोदी छत्तीसगढ़ में देंगे कई परियोजनाओं को गति



रायपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को छत्तीसगढ़ आएंगे। वह लगभग 11 बजे अपराह्न में जगदलपुर, बस्तर पहुंचकर 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील लिमिटेड का इस्पात संयंत्र भी शामिल है। लगभग तीन बजे पूर्वाह्न में प्रधानमंत्री तेलंगाना के निजामाबाद पहुंचेंगे, जहां वे बिजली, रेल व स्वास्थ्य जैसे महत्त्वपूर्ण सेक्टरों की लगभग 8000 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को गति देने की पहल के अनुकूल प्रधानमंत्री बस्तर जिले में नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के इस्पात संयंत्र का लोकार्पण करेंगे। यह संयंत्र 23,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनकर तैयार हुआ है। यह ग्रीनफील्ड परियोजना का संयंत्र है, जहां उच्च गुणवत्ता वाला इस्पात निर्मित होगा। नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील लिमिटेड का इस्पात संयंत्र हजारों लोगों को संयंत्र में और अनुषांगिक व सहयोगी उद्योगों में रोजगार के अवसर देगा। इलाके के सामाजिक-आर्थिक विकास में तेजी लाकर यह संयंत्र बस्तर को दुनिया के इस्पात मानचित्र में दर्ज कर देगा।

# भारतमाला प्रोजेक्ट के लिए काटे गए सैकड़ों पेड़ हो गए गायब!

## लाखों की बेशकीमती लकड़ियों का कोई हिसाब किताब नहीं

जोहार छत्तीसगढ़ - धरमजयगढ़।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

क्षेत्र में भारतमाला परियोजना का काम किया जा रहा है। जिसमें प्रभावित निजी जमीनों पर स्थित सैकड़ों पेडों की कटाई हो गई। काटे गए पेड़ गायब हो रहे हैं और सब कुछ जानते हुए भी जिम्मेदार अपने हाथ बांधे बैठे हुए हैं। इस पूरे मामले पर स्थानीय प्रशासन के अधिकारी फिलहाल स्पष्ट जवाब देने से बचने का प्रयास कर रहे हैं। यह पूरा मामला धरमजयगढ़ क्षेत्र के भारतमाला परियोजना से जुड़ा हुआ है। इस प्रोजेक्ट में प्रभावित निजी जमीन जिनका मुआवजा दिया जा चुका है उस पर लगे सैकड़ों पेड़ों की कटाई हो गई। हैरानी की बात यह है कि कितने पेड़ों को काटा गया, किसने काटे और काटे गए पेड़ कहां और किस तरह जा रहे हैं, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। बता दें कि धरमजयगढ़ क्षेत्र के सिसरिंगा क्षेत्र में भारतमाला प्रोजेक्ट में प्रभावित ज़मीनों पर स्थित पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई हो रही है। प्रशासन के अधिकारी के मुताबिक जिन प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जा चुका है उनके निजी जमीनों के पेड़ों की कटाई की जा रही है। पेडों के काटे जाने के आदेश व उसके आधिपत्य को लेकर अपनाए जाने वाले सभी विधिक प्रक्रिया के पालन के सवाल पर अधिकारी की ओर से प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई है। इस मामले में परियोजना से जुड़े एक अधिकारी का कहना है कि कटे हुए पेडों पर राजमार्ग प्राधिकरण का अधिकार होगा। इस तरह एक ओर प्रशासन की चुप्पी तो दूसरी तरफ प्रबंधन के दावे के बीच सैकड़ों पेड़ों के काटे जाने और उनके नदारद होने का सिलसिला जारी है। इस पूरे मामले पर सर्वे में शामिल एक कर्मचारी ने बताया कि काटे गए पेडों का कोई हिसाब किताब नहीं है।



## मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी, स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री और शायर हाजी हसन अली को उनकी जयंती पर किया नमन



रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री और शायर हाजी हसन अली की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया ।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन भी उपस्थित थे । मुख्यमंत्री श्री बघेल ने महात्मा गांधी के देश के लिए अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि गांधी जी ने भारत में स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने सत्य, प्रेम और अहिंसा का मार्ग अपनाकर पूरे विश्व के सामने मिसाल कायम की। उन्होंने देश में जिस ग्राम स्वराज की कल्पना की थी, छत्तीसगढ़ सरकार उसे पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री को स्मरण करते हुए कहा कि शास्त्री जी ने सादगी से जीवन जिया और अपना पूरा जीवन गरीबों की सेवा में अर्पित कर दिया। वास्तव में वे सच्चे गांधीवादी थे। उन्होंने भारतीय स्वाधीनता संग्राम में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय देश को कुशल नेतृत्व प्रदान किया और 'जय जवान-जय किसान' का नारा देकर जनता का मनोबल बढ़ाया, जिससे सारा देश एकजुट हो गया।

### तेलीबांधा हाईवे पर दो नए फ्लाईओवर

## तात्यापारा सड़क 70 फीट होगी चौड़ी, शहर के लिए इन कार्यों का भूमिपूजन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने को तात्यापारा नवीन मार्केट में रायपुर शहर को 1021 करोड़ 59 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी. इसमें से ज्यादातर सौगातें आम जनता को शहर के ट्रैफिक जाम से राहत देने वाली है.

इसमें सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण काम शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक सड़क चौड़ीकरण का है. यह काम पिछले करीब 15 सालों से लंबित था. जबकि इस रोड से प्रतिदिन सवा लाख लोग आना-जाना करते हैं. दावा है कि इसका निर्माण छह महीने में पूरा हो जाएगा. इसके अलावा दो फ्लाईओवर का काम भी शामिल हैं. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा, वर्तमान सरकार आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है. सबकी सुविधाओं का ध्यान रखते हुए ही इन विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है. सीएम ने कहा, खारुन नदी के रिवर फ्रंट निर्माण से शहर के लोगों को घूमने फिरने का एक नया स्थान मिलेगा. पांच वर्ष पहले खूबचंद बघेल एवं अन्य महान पुरखों के नक्शे कदम पर चलते हुए ही गढ़बो नया छत्तीसगढ़ का ध्येय रखा गया था.

### अंबिकापुर में कुमारी सैलजा, डिप्टी सीएम सिंहदेव शामिल

## बाइक लेकर निकले सीएम , प्रदेशभर में निकाली जा रही कांग्रेस भरोसा यात्रा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सोमवार को गांधी जयंती के दिन कांग्रेस भरोसा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा सभी 90 विधानसभा सीटों पर निकाली जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन में बुलेट लेकर जनता के बीच पहुंचे। वहीं अंबिकापुर में प्रभारी सैलजा और डिप्टी सीएम सिंहदेव यात्रा में शामिल हुए।

वहीं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने दुर्ग विधानसभा में जीप से रैली निकली। साथ ही कोंडागांव में मंत्री मोहन मरकाम भी बुलेट पर सवार होकर भरोसा यात्रा में शामिल हुए। प्रदेशभर में करीब 2700 किलोमीटर की यात्रा पूरी की जाएगी। कांग्रेस नेता लोगों से मिल रहे हैं और सरकार की उपलब्धि बता रहे हैं।

भरोसा यात्रा के जरिए कांग्रेस विधायक सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में बता रहे हैं। हर विधानसभा क्षेत्र में 20-30 किलोमीटर की रैली निकाली जा रही है। सभी विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र में यात्रा की अगुवाई करने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं जिन क्षेत्रों में कांग्रेस के विधायक नहीं हैं, वहां दावेदारों और जिलाध्यक्षों को जिम्मेदारी दी गई है।

### पाटन से सीएम ने की शुरुआत

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार का सम्मान कर भूपेश बघेल ने यात्रा की शुरुआत की। सीएम ने कहा कि, किसानों के हित में हमने फैसले लिए। जब चुनाव आया तब केंद्र सरकार कहती है कि पैसा हम देते हैं। प्रधानमंत्री ने बोनस देने के लिए मना किया है। मैंने उन्हें पत्र लिखकर कहा कि, बस आप अनुमति दो बोनस हम देंगे। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस मॉडल है जिसने मोहब्बत की दुकान खोल रखी है।

# भाजपा की दूसरी सूची में कई नामो पर लग सकती है मुहर





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी चयन के लिए दोनो प्रमुख राजनीतिक दलों सत्ताधारी कांग्रेस और प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा में कवायद तेजी से जारी है। भाजपा ने अपनी पहली सूची में 21 प्रत्याशियों के नाम घोषित भी कर दिए हैं। वहीं दूसरी सूची के लिए रविवार की देर शाम नई दिल्ली में पार्टी के केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई। इस बैठक में ज्यादातर सीटों के लिए नाम तय कर लिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक तय किए गए नामो में डा. रमन सिंह, बृजमोहन अग्रवाल, प्रेम प्रकाश पांडेय, अजय चंद्राकर, अमर अग्रवाल और ननकी राम कंवर जैसे दिग्गज नेताओं को पार्ट के केंद्रीय नेतृत्व ने उनकी अपनी-अपनी सीट से ही चुनाव मैदान में उतारने का निर्णय लिया है। इसके अलावा सबसे ज्यादा चौंकाने वाला निर्णय यह है कि प्रदेश भाजपाध्यक्ष अरुण साव लोरमी विधानसभा से प्रत्याशी होंगे। वहीं जोगी कांग्रेस से भाजपा में आए दिग्गज नेता धरमजीत सिंह जो कि लोरमी से विधायक थे उन्हें पार्टी ने तखतपुर से लड़ाने का निर्णय लिया है।

### हीरो अनुज शर्मा धरसींवां से ठोकेंगे ताल

छत्तीसगढ़िया फिलमों के लोकप्रिय अभिनेता अनुज शर्मा को पार्टी ने राजधानी रायपुर से लगते धरसींवां विधानसभा से मैदान में उतारने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि धरसींवां से पार्टी के दिग्गज नेता देवजी भाई पटेल भी दावेदार थे।

### संपत अग्रवाल को बसना से उतारेगी पार्टी

वहीं पार्टी ने बसना से संपत अग्रवाल को चुनाव लड़ाना तय कर लिया है। उल्लेखनीय है कि, संपत अग्रवाला पुराने भाजपाई है। लेकिन पिछले चुनाव में पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर वे निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतरकर अच्छी खसे मत हासिल किए थे। इसलिए पार्टी ने उनको वापस लेकर प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया है।

### आंरग से गुरु खुसवंत साहेब को टिकट

आरंग क्षेत्र को लेकर भी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने निर्णय कर लिया है। हाल ही में कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में आए सतनामी समाज के धर्मगुरु बालदास के सुपुत्र गुरु खुसवंत साहेब को भाजपा ने आरंग से प्रत्याशी बनाया है। उल्लेखनीय है कि वहां से सरकार के मंत्री शिव डहरिया विधायक हैं।

### रामपुर सीट से ननकी राम कंवर

केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में जब कोरबा जिले की रामपुर सीट से ननकी राम कंवर का नाम लिया गया तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा। फिर सभी ने सर्वानुमति से उनके नाम पर हामी भर दी।

### पीएम मोदी ने पूछा- बृजमोहन जी कितनी बार बन गए विधायक

इसी तरह केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में जब रायुपर दक्षिण सीट से एक बार फिर से बृजमोहन अगवाल का नाम आया तो बैठक में मौजूद पीएम नरेंद्र मोदी ने पूछा कि, बृजमोहन जी कितनी बार विधायक बन गए होंगे।

### 'टीएस के खिलाफ प्रत्याशी तय नहीं कर पाई पार्टी

साल 2008 से लगातार अंबिकापुर शहर से विधायक चुने जा रहे टीएस सिंहदेव के खिलाफ भाजपा अभी प्रत्याशी तय नहीं कर पाई है। उल्लेखनीय है कि पहला चुनाव श्री सिंहदेव महज हजार मतो से ही जीत पाए थे, लेकिन उसके बाद हर चुनाव में उनकी जीत का अंतर बढ़ता ही गया। उनको हर बार भाजपा की ओर से अनुराग सिंहदेव के साथ ही मुकाबला करना पड़ा है। अबकी बार ऐसा लग रहा है कि वहां से पार्टी प्रत्याशी बदलने पर विचार कर रही है।

### ये हैं संभावित प्रत्याशियों के नाम

*राजनांदगांव- डॉ. रमन सिंह*
*बिलासपुर- अमर अग्रवाल*
*रामपुर- ननकीराम कंवर*
*भिलाईनगर- प्रेमप्रकाश पांडेय*
*बिल्हा- धरमलाल कौशिक*
*जाँजगीर- नारायण चंदेल*
*मस्तूरी- कृष्णामूर्ति बांधी*
*बेलतरा- रजनीश सिंह*
*कुरुद- अजय चंद्राकर*
*आरंग- खुशवंत सिंह*
*बसना- संपत अग्रवाल*
*साजा- ईश्वर साहू*
*रायपुर उत्तर- पुरंदर मिश्रा*
*रायपुर दक्षिण- बृजमोहन अग्रवाल*
*रायपुर ग्रामीण- मोतीलाल साहू*
*लोरमी- अरुण साव*
*तखतपुर- धर्मजीत सिंह*
*वैशालीनगर- रिकेश सेन*
*बैकुंठपुर- भैयालाल राजवाड़े*
*कोटा- प्रबल प्रताप सिंह*
*पत्थलगांव- गोमती साय*
*रायगढ़- ओपी चौधरी*
*कवर्धा- विजय शर्मा*
*डोंगरगांव- भरत वर्मा*
*नारायणपुर- केदार कश्यप*
*जगदलपुर- किरण देव*
*बीजापुर- महेश गागड़ा*
*कोंडागांव- लता उसेंडी*
*अंतागढ़- विक्रम उसेंडी*
*धरसींवा- अनुज शर्मा*
*बलौदबाजार- टंकराम वर्मा।*

# गांधीजी की याद के बहाने गंगा स्वच्छता अभियान और बापू की नैतिक स्वच्छता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिस स्वच्छ भारत की कल्पना आज कर रहे हैं वही कल्पना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आजादी के आन्दोलन के शुरुआती दौर में ही कर ली थी, इसलिए वर्ष 2014 में जब नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने 2 अक्टूबर 2014 को गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की थी। आज इस मिशन को एक जन आन्दोलन की शक्ल देने का प्रयास किया जा रहा है।

लेकिन यह प्रयास तब तक अधूरा रहेगा जब तक गांधी जी की सोच के अनुसार मानसिक स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया जाता। गांधी जी ने दोनों तरह की मलिनता से मुक्ति की परिकल्पना की थी। मोहनदास करमचंद गांधी जब 1915 दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद अपने मित्र चार्ली एंड्रयूज के साथ शांति निकेतन में रवीन्द्रनाथ टैगोर से मिलने के बाद 5 अप्रैल को कुंभ के अवसर पर महात्मा मुन्शीराम से मिलने हरिद्वार पहुंचे तो इस तीर्थनगरी और खासकर गंगा की गंदगी को देख कर उन्हें बड़ा कष्ट हुआ।

गंगा की इस भौतिक गंदगी से भी कहीं अधिक कष्ट उन्हें नैतिक गंदगी देखकर हुआ। उन्होंने वहां भौतिक गंदगी के अलावा जो नैतिक गंदगी, पाखण्ड और अन्धविश्वास देखा उसका उल्लेख वह अपनी हस्तलिखित डायरी में अपने यात्रा वृतान्त में करना नहीं भूले।

गांधीजी ने डायरी में लिखा है–

''ऋषिकेश और लक्ष्मण झूले के प्राकृतिक दृष्य मुझे बहुत पसन्द आए। परन्तु दूसरी ओर मनुष्य की कृति को वहां देख चित्त को शांति न हुई। हरिद्वार की तरह ऋषिकेश में भी लोग रास्तों को और गंगा के सुन्दर किनारों को गन्दा कर डालते थे। गंगा के पवित्र पानी को बिगाड़ते हुए उन्हें कुछ संकोच न होता था। दिशा–जंगल जाने वाले आम जगह और रास्तों पर ही बैठ जाते थे, यह देखकर मेरे चित्त को बड़ी चोट पहुंची........।

हजारों करोड़ खर्च हो गए फिर भी गंगा मैली !



नमामि गंगे कार्यक्रम को जून 2014 में 31 मार्च, 2021 तक की अवधि के लिए गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों को फिर से जीवंत करने के लिए 20,000 करोड़ रुपये के बजटीय परिव्यय के साथ शुरू किया गया था। लक्ष्य पूरा करने के लिए इस परियोजना का विस्तार किया गया।

जलशक्ति राज्यमंत्री विश्वेस्वर टुडू द्वारा 14 मार्च 2022 को राज्यसभा में दी गई जानकारी के अनुसार–

नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत, अब तक 30,853 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर कुल 364 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं और 183 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और चालू हो चुकी हैं।

इन 364 परियोजनाओं में से, 160 परियोजनाएं सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से संबंधित हैं, जिन्हें 5024 मिलियन लीटर प्रति दिन (एमएलडी) सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) क्षमता के निर्माण और पुनर्वास और 5227 किलोमीटर सीवरेज नेटवर्क बिछाने के लिए लिया गया है, जिनमें से 76 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं जिसके परिणामस्वरूप 1,079 एमएलडी एसटीपी क्षमता का निर्माण और पुनर्वास हुआ और 3860 किलोमीटर सीवरेज नेटवर्क बिछाया गया। इस वक्तव्य के अनुसार वर्ष 2020–21 से 2021–22 तक केवल एक वर्ष की अवधि में 2355.96 रुपये खर्च हुए थे। फिर भी स्थिति यहां तक है कि गंगा का पानी पीने लायक तो रहा नहीं मगर कई स्थानों पर उसके जलचरों के लिए जीने लायक भी नहीं रह गया है। इसका कारण यह कि योजनाकारों को केवल गंगा की भौतिक गंदगी ही नजर आई और गांधी जी की उन चिन्ताओं को दरकिनार कर दिया गया जिनके निराकरण के बिना गंगा की चिरस्थाई पवित्रता बहाल करना संभव नहीं है। गंगा में आर्सेनिक जैसे विषैले तत्व की मात्रा लगातार बढ़ रही है। गंगा की सहायक नदियों यमुना, रामगंगा, चंबल, गोमती–घाघरा, टोंस–कर्मनासा, गंडक–बूढ़ी गंडक, सोन, कोशी और महानंदा आदि नदियों का भी यही हाल है।

काशी की मलिनता के बारे में भी गांधी जी ने लिखा–

गांधी जी ने केवल हरिद्वार और ऋषिकेश की गंदगी से ही दुखी नहीं थे बल्कि उनकी चिन्ता का विस्तार काशी तक था। गांधीजी जब 1901 के दिसम्बर में दूसरी बार भारत लौटे तो उन्हें यहां कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में भी भाग लेने का अवसर मिला। इसी दौरान वह थोड़े समय के लिए रंगून भी गए लेकिन फरबरी 1902 में वह कलकत्ता लौट आए। वहां उन्हें गोपाल कृष्ण गोखले ने देश को जानने के लिए भारत भ्रमण की सलाह दी तो वह तैयार हो गए। इसी सलाह का पालन करते हुए वह 21–22 फरवरी को कलकत्ता से राजकोट को रवाना हुए तो रास्ते में काशी, आगरा, जयपुर और पालनपुर में भी एक–एक दिन रुके। उन पर काशी की गंदगी और भिक्षुकों का अच्छा प्रभाव नहीं पड़ा। यहां के बारे में भी उन्होंने अपने यात्रा विवरण में इस तरह उल्लेख किया था।–सुबह मैं काशी उतरा। मैं किसी पण्डे के यहां उतरना चाहता था। कई ब्राह्मणों ने मुझे घेर लिया। उनमें से जो साफ–सुथरा दिखाई दिया मैंने उसके घर जाना पसन्द किया। मैं यथा विधि गंगा स्नान करना चाहता था और तब तक निराहार रहना था। पण्डे ने सारी तैयारी कर रखी थी। मैंने पहले ही कह रखा था कि सवा रुपये से अधिक दक्षिणा नहीं दे सकूंगा। इसलिए उसी योग्य तैयारी करना। पण्डे ने बिना किसी झगड़े के बात मान ली। बारह बजे तक पूजा स्नान से निवृत्त हो कर मैं काशी विश्वनाथ के दर्शन करने गया, पर वहां पर जो कुछ देखा मन को बड़ा दुख हुआ। मंदिर पर पहुंचते ही मैंने देखा कि दरवाजे के सामने सड़े हुए फूल पड़े हुए थे और उनमें से दुर्गन्ध निकल रही थी। अन्दर बढ़िया संगमरमरी फर्श था। उस पर किसी अन्धश्रद्धालु ने रुपये जड़ रखे थे; रुपयों में मैल कचरा घुसा रहता है।'

*प्रो. (डॉ.) जसीम मोहम्मद*

## संपादकीय

### पितृपक्ष में क्या करेंगी पार्टियां?

श्राद्ध का समय शुरू हो गया है। अगले 15 दिन तक हिंदू मान्यता के हिसाब से कोई शुभ काम नहीं होगा और न कोई नया काम शुरू किया जाएगा। तभी सभी पार्टियों के नेता इस दुविधा में पड़े हैं कि अगले 15 दिन में उम्मीदवारों की सूची घोषित हो या नहीं। ध्यान रहे चुनाव आयोग ने अभी तक चुनावों की घोषणा नहीं है। अगर पांच राज्यों के पिछले विधानसभा चुनावों के शिड्यूल के हिसाब से देखें तो अक्टूबर के पहले या ज्यादा से ज्यादा दूसरे हफ्ते में चुनाव की घोषणा हो जानी चाहिए। चुनाव आयोग की टीमें राज्यों का दौरा कर रही हैं और चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रही हैं। सो, पहला यक्ष प्रश्न है कि क्या चुनाव आयोग 14 अक्टूबर तक चलने वाले श्राद्ध पक्ष में चुनाव की घोषणा करेगा या पितृपक्ष समाप्त होने और नवरात्रों के शुरू होने का इंतजार करेगा।

दूसरा यक्ष प्रश्न यह है कि पार्टियां क्या करेंगी? भाजपा ने मध्य प्रदेश के 79 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है और छत्तीसगढ़ में भी पहली सूची में 21 नामों की घोषणा हुई है। इन दोनों राज्यों में ज्यादातर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा रूकी है। राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम के लिए तो कोई नाम तय नहीं हुआ है। कांग्रेस ने अभी किसी राज्य में उम्मीदवार तय नहीं किए हैं या नाम की घोषणा नहीं की है। उसकी चुनाव समिति की बैठक भी नहीं हुई है। दोनों पार्टियों में धार्मिक मान्यताओं, ज्योतिष आदि को मानने वाले नेता चाहते हैं कि नवरात्रों में ही नाम की घोषणा की जाए। हालांकि कई नेता मानते हैं कि नाम घोषित होने में कोई दिक्कत नहीं है।

## पूंजीवादी अमेरिका में हड़ताल, जब खुद पर आई तो बाइडन के सिद्धांत हुए हवा-हवाई

अमेरिका के राष्ट्रपति इस हड़ताल का समर्थन करते हैं! अपनी आंखें मत मलिए... यह पंक्ति सही है। पिछले महीने यानी सितंबर के पहले सप्ताह में अमेरिकी ऑटो उद्योग अभूतपूर्व हड़ताल से तप रहा था। अमेरिका की यूनाइटेड आटो वर्कर्स यूनियन ने डेट्रायट की ऑटो कंपनियां बंद करा दीं। एक सप्ताह के भीतर यह हड़ताल बीस राज्यों में फैल गई। मांग वही– ज्यादा वेतन, सुरक्षित नौकरी। पूंजीवादी अमेरिका में हड़ताल सुनकर अगर आप हैरत में हैं, तो फिर कुछ और चौंक लीजिए। राष्ट्रपति जो बाइडन ने मिशीगन में हड़ताल के मोर्चे पर जाकर इसका समर्थन किया।

मगर यह वही बाइडन हैं, जो बीते दिसंबर में एक और संभावित हड़ताल से मुखातिब थे और तब उनकी प्रतिक्रिया बिल्कुल दूसरी थी। हुआ यों कि दिसंबर के पहले सप्ताह में अमेरिका में रेलवे कर्मचारी हड़ताल पर जाने वाले थे। उस हड़ताल को रोकने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन को अमेरिकी कांग्रेस से मदद की गुहार लगानी पड़ी। कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने के लिए रेलरोड कंपनियों और कर्मचारियों के बीच समझौते को कानूनी आधार दिया गया। आनन–फानन में एक कानून बनाकर व्हाइट हाउस को दिया गया। राष्ट्रपति बाइडन ने बगैर देर किए इस पर दस्तखत किए। रेलवे को अमेरिका में रेलरोड कहते हैं। ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी कहती है कि रेलरोड शब्द भाप के इंजन के आविष्कार से भी पुराना है। इंजन तो 1800 में आया। अमेरिका के कोयला खनन कर्मी लोहे की पटरियों पर कोयला वैगन चलाते थे। शायद वहीं से आया होगा यह शब्द। हडतालों के घोषित समर्थक डेमोक्रेट जो बाइडन अचानक रेलरोड की प्रस्तावित हड़ताल से क्यों डर गए?

हे टाइम मशीन, यह माजरा क्या है? अपनी सीट पर बैठिए,



*रेलरोड हड़ताल खत्म करने के लिए अमेरिका की फेडरल सरकार को लेबर डे को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करना पड़ा। इन हड़तालों का प्रकोप कुछ इस कदर बढ़ा कि 1922 में अमेरिकी कांग्रेस को रेलवे लेबर बोर्ड बनाना पड़ा, जिसे कर्मचारियों और कंपनियों के बीच मध्यस्थता करने का काम सौंपा गया। दूसरे विश्व युद्ध के बाद 1945-46 में अमेरिका में हड़तालों का एक और दौर आया, रेलवे कर्मचारी ही इसका नेतृत्व कर रहे थे। अमेरिका का रेलरोड तब तक अपने श्रम आंदोलनों के लिए कुख्यात हो गया।*

145 साल पीछे चलते हैं। दो दिसंबर, 2022 को राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस का धन्यवाद। उसने वक्त पर कानून बना दिया, नहीं तो महाविपत्ति आ जाती। यदि रेलरोड बंद होता, तो अमेरिका के उद्योग बंद हो जाते। रोजाना दो अरब डॉलर का नुकसान होने वाला था। अमेरिकी राष्ट्रपति के इस बयान में अमेरिका का 150 साल का औद्योगिक इतिहास बोल रहा था।

1870 का दशक। अमेरिका के सिविल वार खत्म हुए कुछ ही साल बीते थे। बैंकिंग उद्योग संकट से उबरकर अपने पैरों पर खड़ा हो रहा था। रेलरोड या रेलवे दुनिया का सबसे नया–नवेला आविष्कार था। कई कंपनियां रेलरोड में निवेश कर रही थीं। उन्होंने भारी कर्ज लिए थे। यूरोप में भी रेलवे कंपनियों के बॉन्ड में भारी निवेश हुआ था। यूरोप के बैंकों ने अमेरिकी कंपनियों में निवेश किया था। 1873 के आसपास यूरोप में इस निवेश का बुलबुला फूटा। रेलरोड कंपनियों के शेयरों में बिकवाली शुरू हुई। अमेरिका तक यह संकट पहुंचते देर नहीं लगी। जे कुक ऐंड कंपनी उस वक्त न्यूयॉर्क का सबसे बड़ा बैंक था। रेलरोड को भारी कर्ज दे रखा था इस बैंक ने। यह बैंक चुटकियों में दिवालिया हो गया। न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में कोहराम मच गया। रेलरोड कंपनियां डूबने लगीं। उनके साथ 100 बैंक डूब गए। अमेरिका में मंदी शुरू हो गई। वह 1877 की जुलाई थी, जब वेस्ट वर्जीनिया में मार्टिंसबर्ग के स्टेशन पर हंगामा हो गया। कर्मचारियों ने इंजनों को बोगियों से अलग कर यार्ड में खड़ा कर दिया। यहां रेलवे चलाने वाली कंपनी ने पगार में 10 फीसदी की कटौती कर दी थी। मंदी के बीच उत्तेजित कर्मचारियों ने हड़ताल का एलान कर दिया। मंदी और कर्ज के कारण रेलरोड कंपनियां दिवालिया हो रही थीं। रेलवे में कर्मचारियों के वेतन पहले ही कम थे, ऊपर से पगार में कटौती। आंदोलन खौल उठा। कुछ ही दिनों में हड़ताल शिकागो, पेनसिल्वेनिया, पिट्सबर्ग, फिलाडेल्फिया होते हुए पूरे अमेरिका में फैल गई।

पेनसिल्वेनिया में इस हड़ताल में दूसरे उद्योगों के मजदूर भी कूद पड़े। मैरीलैंड में हालात बेकाबू हो गए। ट्रेन रोक रहे कर्मचारियों से निपटने के लिए प्रशासन ने हथियार बंद दस्ता भेजा।

## मिला जुला

## बिहार में जाति जनगणना के आंकड़े जारी, ओबीसी सब पर भारी

**बिहार** में जाति जनगणना के आंकड़े जारी कर दिए गए हैं। लंबे विवाद के बाद यह जनगणना कराई गई थी, जिसके आंकड़े अब सामने आए हैं। इसके मुताबिक राज्य में अत्यंत पिछड़ा वर्ग की आबादी 36.1 फीसदी है, जबकि पिछड़ा की आबादी 27.12 फीसदी है। दोनों को मिलाकर देखें तो साफ है कि कुल पिछड़ा वर्ग की आबादी 63 फीसदी से ज्यादा है। जो राज्य में किसी भी सामाजिक समूह के मुकाबले सबसे अधिक संख्या है। इस रिपोर्ट को राज्य में पिछड़ा वर्ग की राजनीति के लिए एक नई शुरुआत के तौर पर भी देखा जा रहा है। अनुसूचित जाति के लोगों की संख्या 19.65 फीसदी है और जनजाति की संख्या 1.68 पर्सेंट है। यही नहीं अनारक्षित वर्ग यानी सवर्णों की आबादी 15 फीसदी है। इनमें वे बिरादरियां आती हैं, जिन्हें जाति आधारित आरक्षण नहीं मिलता। रिपोर्ट के अनुसार राज्य में जाति की बात करें तो सबसे ज्यादा यादवों की 14 फीसदी है, जबकि ब्राह्मणों की आबादी 3.66 पर्सेंट है। सर्वे के अनुसार राज्य में भूमिहारों की संख्या 2.86 फीसदी है, जबकि राजपूतों की आबादी 3.45 पर्सेंट है। मुसहर समाज के लोगों की संख्या 3 फीसदी के करीब बताई गई है। राज्य में वैश्य समाज के लोगों की संख्या ढाई फीसदी के करीब है। वहीं कुर्मी बिरादरी की 2.87 फीसदी है। जातिवार देखें तो सबसे ज्यादा 14 फीसदी आबादी यादवों की है, जो कुल सवर्णों की संख्या से थोड़ा ही कम है।



### धार्मिक आधार पर किसकी कितनी है आबादी, हिंदू कितने हैं

धार्मिक आधार पर देखें तो राज्य में हिंदुओं की संख्या 81 फीसदी के करीब है। इसके अलावा 17 फीसदी के करीब राज्य में मुसलमान हैं। बिहार में जाति गणना दो चरणों में हुई थी। पहला राउंड इसी साल 7 जनवरी से 21 जनवरी के दौरान पूरा हुआ था, जबकि दूसरा चरण 15 अप्रैल से अगस्त के पहले सप्ताह तक चला था। जाति जनगणना कराए जाने के राज्य सरकार के फैसले को हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक चुनौती दी गई थी, लेकिन अंत में अदालत से मंजूरी मिली।

## एक नजर

### स्लीपर वंदे भारत में कैसी होंगी बर्थ, दिखा पहला लुक




नई दिल्ली। भारत की सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस इस समय भारतीय रेल की शान है। रेल मंत्रालय की कोशिश है कि इस ट्रेन को हर राज्य में चलाया जाए। तब भी इसकी डिमांड को लेकर आए दिन सांसद रेल मंत्री के पास पहुंचते रहते हैं। अभी तक वंदे भारत में सिर्फ चेयर कार की ही व्यवस्था है। मतलब कि यात्री सिर्फ बैठ कर ही यात्रा कर सकते हैं। इसलिए इसे लंबी दूरी में नहीं लगाया गया है। लेकिन शीघ्र ही वंदे भारत लंबी दूरी भी तय करेगी। रेलवे इसके लिए वंदे भारत का स्लीपर वर्जन ला रहा है। स्लीपर क्लास में अंदर का कैसा लुक होगा, इसे हम आपको दिखाते हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर वंदे भारत का स्लीपर बर्थ का फोटो फारवर्ड किया जा रहा है।

## 'कपड़े सिलाने के बहाने आए...'

### चित्तौड़गढ़ पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने याद दिलाया उदयपुर का कन्हैया हत्याकांड

उदयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अशोक गहलोत और कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा. यहा उपस्थित भीड़ को देख गदगद नजर आ रहे पीएम मोदी ने कहा कि पूरा राजस्थान, पूरा मेवाड़ क्या सोच रहा हैं यह साफ साफ चित्तौड़गढ़ में दिख रहा हैं. मैं पार्टी का आभारी हूं की मुझे आप लोगों के बीच जाने का अवसर दिया.



#### इंडिया गठबंधन पर निशाना

पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस के घमंडिया गठबंधन के नेता महिलाओं को लेकर कैसी–कैसी अपमानजनक बातें कर रहे हैं, ये आए दिन हम देख रहे हैं. ये चाहते ही नहीं कि महिलाओं को उनका हक मिले, इसलिए बहाने बना रहे हैं, जाति–धर्म के नाम पर भ्रम फैला रहे हैं. गहलोत जी ने एक प्रकार से भाजपा को बधाई दे दी है.आजकल वो आग्रह कर रहे हैं कि भाजपा सरकार बनने के बाद उनकी योजनाओं को बंद न किया जाए.पहले तो भाजपा सरकार बनने की बात स्वीकार करने के लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं.

#### कन्हैयालाल हत्याकांड का किया जिक्र

उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, जो कांग्रेस सरकार जानमाल की सुरक्षा नहीं कर सकती, उसको हटाना बहुत जरुरी है.जो उदयपुर में हुआ, क्या उसकी आपने कल्पना भी की थी! जिस राजस्थान ने दुश्मन पर भी धोखे से वार न करने की परंपरा को जीया है, उस राजस्थान की धरती पर कपड़े सिलाने के बहाने लोग आते हैं और बिना डर एवं खौफ के टेलर का गला काट देते हैं. उन्होंने कहा कि जब मेवाड़ से खबरें आती हैं तो मन दुखी हो जाता हैं. अपराध के मामले में राजस्थान टॉप पर आता हैं. दंगों में कोनसा राज्य टॉप पर आता हैं, हमारा राजस्थान. पीएम मोदी ने कहा कि मैं बड़े दुख के साथ पूछना चाहता हूं क्या इसलिए कांग्रेस को वोट दिया था.

## दिल्ली में आईएसआईएस मॉड्यूल का भंडाफोड़

### 3 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार; नॉर्थ इंडिया में बड़े हमले की थी तैयारी

**दिल्ली** में आईएसआईएस के आतंकियों की तलाश कर रही दिल्ली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने ढ्डस्ढ्ढ के तीन संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार संदिग्धों के नाम शाहनवाज उर्फ शैफी उज्जमा, मोहम्मद रिजवान और मोहम्मद अरशद वारसी है. यह वह रिजवान नहीं है जिस पर एनआईए ने 3 लाख का इनाम रखा है. वहीं शाहनवाज दिल्ली और पुणे ढ्डस्ढ्ढ मॉड्यूल का ऑपरेटिव है, वह पेशे से इंजीनियर है. वहीं बाकी दोनों भी ISIS के संदिग्ध आतंकी है और काफी पढ़े लिखे है. शाहनवाज की तलाश NIA काफी दिनों से कर रही थी. आतंकी शाहनवाज पर NIA ने 3 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था. यह पुणे ISIS केस में वांटेड था.



#### दिल्ली में ISIS आतंकी गिरफ्तार

दिल्ली का रहने वाला शाहनवाज पेशे से इंजीनियर है. वह पुणे पुलिस कस्टडी से फरार होने के बाद दिल्ली में छिपा हुआ था. शहनवाज की पत्नी पहले हिंदू थी. उसका धर्म बदलवाकर पहले इस्लाम कुबूल करवाया गया और रेडिक्लाइज किया. वह भी शहनवाज का साथ दे रही थी. पुलिस उसकी तलाश कर रही है.उसकी बहन भी फरार है. शहनवाज कई स्पॉट पर कैंप बनाकर नार्थ इंडिया में आतंकी ट्रेनिंग कैंप खोलना चाहता था.

## राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी और खड़गे ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** आज गांधी जयंती (2 अक्टूबर) है. इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना समेत तमाम नेताओं ने राजघाट पहुंचकर बापू को श्रद्धांजलि दी. इससे पहले पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा, गांधी जयंती के विशेष अवसर पर मैं महात्मा गांधी को नमन करता हूं. उनकी कालजयी शिक्षाएं हमारा पथ आलोकित करती रहती हैं. महात्मा गांधी का प्रभाव वैश्विक है, जो संपूर्ण मानव जाति को एकता और करुणा की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है. हम सदैव उनके सपनों को पूरा करने की दिशा में काम करते रहें. उनके विचार प्रत्येक युवा को उस परिवर्तन का वाहक बनने में सक्षम बनाएं जिसका उन्होंने सपना देखा था, जिससे सर्वत्र एकता और सद्भाव को बढ़ावा मिले. यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर कहा, 'राष्ट्रपिता' महात्मा गांधी जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि. प्रदेश वासियों को 'अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस' की शुभकामनाएं.



# धन्वंतरी दवा दुकान की सस्ती दवाइयों से लोगों को मिल रही बड़ी राहत

**अब तक लोगों को 6 करोड़ 43 लाख की हुई बचत**

## रायगढ़ की धन्वंतरी जेनेरिक दवा दुकान बिक्री में पूरे प्रदेश में शीर्ष पर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आमजनों को दवाईयों में होने वाले खर्च को कम करने और रियायती दर पर दवाईयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर राज्य शासन द्वारा प्रदेशभर में धन्वंतरी जेनेरिक दवा दुकान खोली गयी है। जहां 70 प्रतिशत तक दवाइयां छूट के साथ उपलब्ध हैं।




नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत लोगों ने रियायती दर पर दवाईयों का लाभ लेते हुए अब तक 6 करोड़ 43 लाख रुपए से अधिक की राशि की बचत की है। शहर की धन्वंतरी दवा दुकान जनसंख्या के लिहाज से बिक्री के मामले में पूरे प्रदेश में शीर्ष पर है। योजना की शुरुआत से अब तक करीब 1.59 लाख लोगों ने यहां से सस्ती दरों पर दवाइयां खरीदी हैं।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लोगों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता में रखते हुए स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत सी जनहितैषी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसमें धन्वंतरी जेनेरिक दवा दुकान योजना भी शामिल हैं। जहां लोगों को बहुत ही कम दाम पर जेनेरिक दवाएं उपलब्ध हैं। जिससे दवाइयों में होने वाले खर्च काफी कम कर दिया हैं।

रायगढ़ निगम क्षेत्र की धन्वंतरी दवा दुकानों से एमआरपी के हिसाब से देखें तो लगभग 8 करोड़ 66 लाख 6हजार 866 रुपए की दवाइयों की बिक्री हुई है। जो 70 प्रतिशत छूट के साथ 2 करोड़ 22 लाख 67 हजार रुपए की पड़ी और लोगों के 6 करोड़ 43 लाख 40 हजार रुपये की बचत हुई है।

रायगढ़ नगर निगम के अंतर्गत अशर्फी देवी चिकित्सालय में स्थित धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर खोला गया है, जिसका लोगों के बीच

**8 करोड़ 66 लाख रुपए की दवाइयां मिली 2 करोड़ 22 लाख में**

अच्छा प्रतिसाद मिल रहा हैं। यहां योजना के प्रारंभ से अब तक एमआरपी के हिसाब 7 करोड़ 82 लाख 73 हजार 202 रुपए की दवाइयों की बिक्री हुई हैं, जो छूट के पश्चात 2 करोड़ 92 हजार 952 रुपए पड़ी। जिससे 1 लाख 32 हजार 36 लोगों को कुल 5 करोड़ 81 लाख 80 हजार 250 रुपए का लाभ मिला।

इसी प्रकार जिला चिकित्सालय में भी कुछ दिनों पहले सस्ती दवा दुकान खोला गया है। यहां योजना के प्रारंभ से अब तक एमआरपी के हिसाब 83 लाख 33हजार 664 रुपए की दवाइयों की बिक्री हुई हैं, जो छूट के पश्चात 21 लाख 74 हजार 166 रुपए की पड़ी। जिससे 61 लाख 59 हजार 548 रुपए की बचत हुई।

इस तरह दोनों दुकानों से कुल 1 लाख 59 हजार लोगों को कुल 6 करोड़ 43 लाख 40 हजार रुपए का लाभ मिला। धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में सर्दी, खांसी, बुखार, बीपी, शुगर, एंटीबायोटिक के साथ गंभीर बीमारियों की दवा के साथ 30 कंपनी के 300 से अधिक जेनेरिक दवाइयां सस्ती दरों पर मिलती हैं। इसके अलावा यहां सर्जिकल आइटम्स भी रियायती दरों पर मिलते हैं।

### धन्वंतरी दवा दुकान महंगी दवाइयों के बीच दे रही राहत

रायगढ़ पैलेस रोड निवासी सतीश सराफ ने बताया कि धन्वंतरी दवा दुकान में अन्य दवा दुकानों के अपेक्षा कम कीमत में दवाईयां मिलती है। यहां कीमतें काफी कम हैं जिससे बड़ा फायदा हो रहा है। मैं पिछले 6 माह से धन्वंतरी मेडिकल से दवा खरीद रहा हूं।

जिससे मुझे कम कीमत में दवाई तो मिल ही रही है वहीं पैसे की भी बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना से इलाज में लगने वाले खर्च में कमी आ रही है। जिसका उपयोग अन्य कामों में कर पा रहे हैं। उन्होंने योजना को शासन की जनहितैषी पहल बताते हुए कहा कि दवा की महंगी कीमतों के बीच यहां मिल रही छूट राहत दिलाने वाली हैं। टीवी टॉवर रोड रायगढ़ निवासी परशुराम अग्रवाल ने बताया कि इलाज के दौरान दवाओं में काफी खर्च होता है लेकिन आज शासन की योजना से यहां यहां दवाई में 70 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। यह योजना लोगों के लिए इलाज में आने वाली खर्च के बीच बहुत राहत वाली बात है।

## एक नजर

### फसल सिंचाई के लिए खेत में लगाया पंप की हुई चोरी




जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

ग्राम नयनपुर निवासी सीताराम ने थाना जयनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम नयनपुर में नाला के पास स्थित खेत में धान फसल की सिंचाई के लिए टूल्लू पम्प लगाया था जिसे 30 सितम्बर के रात्रि में कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 379 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध कर थाना जयनगर पुलिस ने मामले की विवेचना प्रारंभ किया। पतासाजी के दौरान मुखबीर की सूचना पर संदेही नंदलाल व फुलुर राजवाड़े को दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर दोनों ने टूल्लू पम्प चोरी करना स्वीकार किया जिनके निशानदेही पर 2 एचपी का टूल्लू पम्प कीमत 15000 रूपये का जप्त कर आरोपी नंदू उर्फ नंदलाल राजवाड़े पिता प्रेमसाय उम्र 40 वर्ष व फुलुर उर्फ खुलुर साय राजवाड़े पिता सुखदेव उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम नयनपुर, थाना जयनगर को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर सरफराज फिरदौसी, एएसआई रघुवंश सिंह, दिनेश ठाकुर, श्याम सिंह, सोनू सिंह, विवेक विश्वकर्मा व दिलपाल कसेरा सक्रिय रहे।

### मानव सेवा दल स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



सतपाल महाराज की प्रेरणा से मानव सेवा दल छत्तीसगढ़ द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्थान, बस स्टैण्ड, नगर पंचायत प्रतापपुर में वृहद स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कंचन सोनी अध्यक्ष नगर पंचायत की गरिमामयी उपस्थिति में चलाया गया। जिसमें लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। हमारे आसपास स्वच्छता होने से हम स्वस्थ रहते हैं और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। इसलिए जरूरी है कि हमें बाहर की सफाई के साथ ही साथ अपने मन की भी सफाई की आवश्यकता है और मन की सफाई सेवा करके ही प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सखन आयाम,सागर राम,अमर देव, जूठन राम, महेश, सुरेश, बासदेव, सुपन सिंह, राजकुमार, रामचंद्र, कमल साय, ठाकुर प्रसाद, तेजन,रामकुमार, धनियारो देवी, ममता, जसप्ति, देवी कुमारी, सीतामुनी, शालू, मगधा, सस्तु राम,अनामिका, इत्यादि लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।

### निर्वाचन के दौरान कार्यों के लिए प्रिंटिंग प्रेस संचालकों का बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के प्रिंटिंग प्रेस संचालकों का बैठक लिया। भारद्वाज ने कहा कि निर्वाचन के दौरान राजनीतिक दल के अभ्यर्थियों के प्रचार सामग्री बैनरए पोस्टर आदि में प्रकाशक एवं मुद्रण संख्या अनिवार्य अंकित करना है। निर्वाचन के मीडिया प्रमाण एवं निगरानी समिति एमसीएमसी के प्रमाण पत्र के बिना कोई भी विज्ञापन प्रकाशन नहीं होगा किसी अभ्यर्थी के विरुद्ध आपत्तिजनक, अश्लील, अमर्यादित किसी प्रकार का बैनर या पोस्टर तैयार नहीं करना है। प्रत्येक पेपर प्रिंटिंग प्रेस संचालक को अभ्यर्थी से दो प्रति में घोषणा पत्र लेना है कि वह इस प्रकाशन का खर्चा अभर्थी अपने निर्वाचन व्यय में सम्मिलित करेगा। इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी आदर्श आचरण संहिता के विपरीत किसी भी प्रकार का प्रकाशन नहीं करना है।

## बिर्रा में गांधी जयंती के अवसर पर किया नारी शक्ति वंदना कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।

गांधी जयंती की शुभ अवसर पर 02 अक्टूबर को दोपहर को कनौजिया कुर्मी सामुदायिक भवन ग्राम पंचायत बर्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के मुख्य आतिथ्य में गांधी जयंती मनाया गया। इस अवसर पर नारी शक्ति वंदना कार्यक्रम भी किया गय। जिसमे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन महिला बिहान, समूह के बम्हनीडीह और बिर्रा क्लस्टर एवं घीवरा के कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं, बहनों का जिलाध्यक्ष चंद्रा द्वारा साड़ी देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को अध्यक्ष मोहन कुमारी,मीनू साहू ने किया।




गांधी को नमन करते हुए अपने उद्बोधन में जिलाध्यक्ष द्वारा ने सभी महिलाओं को राष्ट्रपिता गांधी के द्वारा देश के प्रति दिए गए बलिदान को बता। आगे कहा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिलायो के नारी शक्ति वंदना के तहत् महिलाओं के 33: आरक्षण दिए हैं। जो महिलाओं के विकास में बड़ी पहल है। भाजपा पार्टी हमेशा से नारी शक्ति का विकास व उत्थान का काम किया है। उन्होंने भाजपा पार्टी द्वारा महिलाओं के विकास के लिए गए कार्यों को गिनाया और भाजपा को वोट देना की अपील भी किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रूप भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा और शिवरीनारायण जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता तिवारी, महिला मोर्चा महामंत्री मोहन कुमारी साहू, होरी लाल कलार, संतोष कश्यप, खमन, संतोष कश्यप, भाजपा कार्यकर्ता सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहे।

## अवैध फ्लाई ऐश परिवहन व निस्तारण पर लगातार कार्यवाही जारी, चालू वर्ष में सितम्बर माह तक लगाया गया 44 लाख 81 हजार का जुर्माना

### कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने विभागीय अधिकारियों को लगातार जांच व कार्यवाही के दिए हुए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

फ्लाईऐश के समुचित व्यवस्था के बिना परिवहन व अवैध निपटान पर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने दिए हुए है। पर्यावरण विभाग द्वारा इस संबंध में लगातार जांच व कार्यवाही की जा रही है। जानकारी देते हुए क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी अंकुर साहू ने बताया कि इस वर्ष में सितम्बर माह तक विभिन्न उद्योगों के वाहनों पर अब तक कुल 44 लाख 81 हजार 900 रूपये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है। बीते एक माह में 01 सितंबर से 30 सितंबर के मध्य जांच के दौरान अवैध अपवहन एवं समुचित व्यवस्था बिना परिवहन पर कार्यवाही की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अवैध अपवहन करने वाले 01 उद्योग के 02 वाहनों पर 93 हजार 15 रूपये तथा अन्य स्थानों पर अवैधए अनियंत्रित अपवहन एवं समुचित व्यवस्था किये बिना परिवहन करने

***2 को क्लोजर डायरेक्शन और 23 उद्योगों को नोटिस किया गया जारी***

***हेल्प लाईन नंबर 7987033406 पर फ्लाई ऐश के अवैध परिवहन की कर सकते है शिकायत***

वाले 04 उद्योगों के 06 वाहनों पर 3 लाख 06 हजार 435 रूपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है। इस तरह 05 उद्योगों के 08 वाहनों पर कुल 3 लाख 99 हजार 450 रूपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है। साथ ही मेसर्स आरकेएम पॉवरजेन प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम उच्चपिण्डा, तहसील.डभरा, जिला.सक्ती के 02 वाहनों पर ग्राम.पतरापाली, तहसील.खरसिया, जिला.रायगढ़ में फ्लाई ऐश का अवैध डम्पिंग किये जाने के संबंध में क्षेत्रीय अधिकारी, छग पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर को नियमानुसार पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि अधिरोपित करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ जिले में स्थित उद्योगों में सतत रूप से जांच की कार्यवाही की जा रही है। एवं कमी पाये जाने पर उद्योगों को नोटिस एवं क्लोजर डायरेक्शन जारी किया जाता है। विगत 01 वर्ष में 23 उद्योगों को व्यवस्था सुधार हेतु नोटिस एवं 02 उद्योगों को क्लोजर डायरेक्शन जारी किया गया है साथ ही उद्योगों द्वारा जांच के दौरान प्रदूषण रोकथाम करने में असफल रहने पर विगत 01 वर्ष में 7 लाख 76 हजार 250 रूपये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है। अवैध फ्लाईएश निस्तारण की शिकायत के लिए जारी किया गया है व्हाट्सअप हेल्प लाईन नंबर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर अवैध फ्लाई ऐश अवैध निस्तारण एवं समुचित व्यवस्था किये बिना परिवहन की शिकायत के लिए फ्लाई ऐश व्हाट्सअप हेल्प लाईन नंबर 7987033406 जारी किया गया है। जिस पर भेजे गये अवैध डम्पिंग एवं परिवहन की शिकायत प्राप्ति पर मंडल द्वारा त्वरित कार्यवाही की जाती है। फ्लाई ऐश व्हाट्सअप हेल्प लाईन नंबर के प्रचार-प्रसार बाबत् फ्लाई परिवहनकर्ता वाहनों पर हेल्प लाईन नंबर उल्लेखित कराना अनिवार्य किया गया है जिसका पालन करना उद्योगों द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है।

## ईवीएम एवं व्हीव्ही पैट का कमिशनिंग करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

विधानसभा निर्वाचन 2023 का स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार और निर्वाचन प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम के मार्गदर्शन में ईव्ही एम एवं व्हीव्ही पैट का कमिशनिंग करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कमिशनिंग करने वाली टीम को उनके कार्य और जिम्मेदारी को बताया गया। उन्होंने सभी अधिकारियो को निर्देश दिये कि




कमिशनिंग का कार्य बहूत ही संवेदनशील कार्य है। जिसमें पूरी गंभीरता के साथ निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ई.व्हीएम एवं व्हीव्ही पैट मशीनों को तैयार किया जाना है। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर पीसी सोनी द्वारा पीपीटी के माध्यम से कमिशनिंग की प्रक्रिया को बताया गया। उन्होंने बताया की कमिशनिंग का कार्य ईव्ही एम एवं व्हीव्ही पैट का द्वितीय रेण्डमाईजेशन के बाद होता है। सामान्यत: मतदान दिवस के लगभग 14 दिन पूर्व रिटर्निंग ऑफिसर स्तर से ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट तैयार किया जाता है जिसमें बैलेट युनिट की तैयारी, व्हीव्ही पैट, की तैयारी और कन्ट्रोल युनिट की तैयारी कि जाती है। मॉकपोल पद्धति को विस्तार से बताया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया तथा ई,व्ही.एम व्हीव्ही पैट हैड्सऑन कराया गया। इस कमिशनिंग प्रशिक्षण में प्रभारी अधिकारी वर्षा बंसल डिप्टी कलेक्टर समीर शर्मा तहसीलदार भैयाथान, सभी सेक्टर अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर तथा निर्वाचन शाखा के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नौकरी व मुआवजे को लेकर आमगांव खदान में हड़ताल चौथे दिन जारी

## लाखों रूपए रोज की रॉयल्टी का हो रहा जिले को नुकसान

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

एसईसीएल बिश्रामपुर के आमगांव ओपन कास्ट परियोजना में पटना क्षेत्र के ग्रामीणों ने नौकरी, मुआवजा व अन्य मांगों को लेकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार कर खदान को प्रभावित कर दिया है।




जिससे उत्पादन व परिवहन ठप हो गया है। आंदोलनकारी ग्रामीणों ने अधिग्रहित की गई भूमि में ग्रामीणों अथवा उनके आश्रितों को नौकरी दिए जाने के मामले को लेकर अपनी भड़ास निकाली है तो दूसरी ओर प्रबंधन भी नौकरी व मुआवजा देने के लिए संकल्पित है। किन्तु कुछ नेताओं के बहकावे व आंदोलन को पर्दे के पीछे से हवा देने के कारण पात्र भूमि स्वामियों और उनके आश्रितों के बीच प्रबंधन की कार्रवाई व राजस्व अमले के द्वारा अब तक की गई पहल की वास्तविक जानकारी भी नहीं पहुंच पा रही है। हालांकि इस हड़ताल से लगभग ढाई हजार टन उत्पादन प्रतिदिन व चार हजार टन का डिस्पैच बंद होने के साथ 30 हजार टन ओबी का कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो गया है और लगभग ढाई करोड़ रूपए का रोज का नुकसान प्रबंधन को हो रहा है। वहीं लगभग 70 लाख रूपए रोज की रॉयल्टी का नुकसान जिला प्रशासन को उठाना पड़ रहा है। एक ओर आंदोलनकारी नौकरी नौकरी देने के मामले में एसईसीएल पर टाल-मटोल का रवैया अपनाने का आरोप लगा रहे है। तो दूसरी तरफ प्रबंधन का कहना है कि पटना की अधिग्रहित भूमि के बदले जिनके दस्तावेज पूर्ण हो चुके हैं। उन में 37 लोगों को नौकरी दी जा चुकी है तथा 50 अन्य के प्रपोजल स्कूटनी के उपरांत मुख्यालय गये हुए हैं। वहीं हड़ताल के बीच 16 अन्य के प्रकरणों का भी सत्यापन तहसीलदार ने खदान में पहुंचकर करते हुए प्रकाशन हेतु प्रेषित किया है। आंदोलन को लेकर डटे



ग्रामीण जहां अपनी मांगों पर अडिग हैं। वहीं प्रबंधन ने हड़ताल खत्म कर खदान को चालू करने की अपील ग्रामीणों से की है।

### 82 में 78 करोड़ का बांट चुकी है मुआवजा

82 करोड़ रूपए के स्वीकृत हुए मुआवजे में एसईसीएल प्रबंधन ने 78 करोड़ रूपए का मुआवजा पात्र हितग्राहियों को बांट दिया है। वहीं शेष बचे साढे चार करोड़ रूपए भूमि स्वामियों के पारिवारिक विवाद के कारण लंबित हैं, जिसको लेकर एसईसीएल प्रबंधन कई बार इसके लिए बैठकों में अपनी बातें रख चुका है और उन्होंने पूर्व में भी अपील की है कि तहसील से आप अपने प्रकरणों का निराकरण करायें हम त्वरित मुआवजा बांटने के लिए तैयार हैं।

### मामला पटना का बंद की आमगांव खदान

*एसईसीएल प्रबंधन तथा जिले के अधिकारियों का कहना है कि जिस खदान के मामले को लेकर ग्रामीण आंदोलनरत हैं, उस खदान में अभी प्रबंधन ने काम ही शुरू नहीं किया है। अगले वर्ष 2024 में कार्य शुरू होने की संभावना है। कंपनी के द्वारा जितने दस्तावेज पूर्ण हो रहे हैंए उन्हें मुख्यालय भेजकर आगे की कार्रवाई की जा रही है, किन्तु बड़ी तादाद में लोगों के दस्तावेज पूर्ण नहीं है, इसलिए उनके प्रपोजल पूर्ण नहीं हो पाये हैं।*

### राजस्व अमले की उदासीनता से गहराया मामला

मुआवजे व नौकरी के साथ नियुक्ति पत्र देने की मांग पर अड़े ग्रामीणों के मामलों में सर्वाधिक समस्या स्थानीय राजस्व अमले की है। आंदोलनकारियों को उपलब्ध कराये गये दस्तावेज में 70 से उपर ऐसे प्रकरण है, जिनमें नामांकन, वंशवृक्ष, परिवार की सहमति, दस्तावेज में विसंगतियां, सत्यापन, अभिलेख भिन्नता, रकबे में विसंगतियां, पारिवारिक विवाद इत्यादि मामलों के कारण अधिकतर प्रकरण लंबित हैं। राजस्व अमला गांव में ही कैम्प लगाकर पहल करे तो संभवत: आंदोलन की स्थिति ही निर्मित न हो।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग

## जातिगत जनगणना से भाग रही मोदी सरकार, भाजपा को ओबीसी से इतनी नफरत क्यों?







### सामाजिक न्याय और पिछड़ों को सरकारी योजनाओं का लाभ क्यों नहीं देना चाहते भाजपाई

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

जातिगत जनगणना के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी की नीति और नियत पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष चौलेश्वर चंद्राकर ने कहा है की देश की बहुसंख्यक आबादी ओबीसी वर्ग से भारतीय जनता पार्टी को आखिर इतनी नफरत क्यों हैघ् स्वयं पिछड़ा वर्ग का प्रतिनिधित्व करने का ढोंग करने वाले मोदी जब-जब पिछड़ा वर्ग को कुछ देने की बारी आती है तब.तब हमेशा ही अन्य पिछड़ा वर्ग को निराशा किया है। देश भर के लगभग सभी ओबीसी वर्ग के नेता जातिगत जनगणना कराये जाने के पक्ष में है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी से लगातार अनुरोध किया कि जनगणना रजिस्टर में जाति का कालम जोड़ा जाए लेकिन अपने आप को पिछड़ा वर्ग का हितैसी प्रचारित करने वाले मोदी सरकारए आरएसएस और भाजपाई नहीं चाहते की ओबीसी को उनकी संख्या के अनुपात में न्याय मिले, सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। भाजपा और केन्द्र की मोदी सरकार नही चाहती कि पिछड़ा वर्ग के आर्थिक, समाजिक स्थिति का सही आंकलन हो चन्द्राकर ने कहा है कि 1990 में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने भी प्रयास किया थाए लेकिन भारतीय जनता पार्टी कि आरक्षण विरोधी सरकार में पिछड़ा वर्ग को दिए जाने वाले आरक्षण के मुद्दे पर ही सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। केंद्र में यूपीए की मनमोहन सिंह सरकार ने 2011 में सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना शुरु करवाया। मनमोहन सरकार के द्वारा 2013 में आर्थिक जाति जनगणना पूरी हुई, लेकिन केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद इन जातियों का डेटा आज तक सार्वजनिक नहीं किया गया। पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने के फैसले के विरोध में ही भाजपा ने वीपी सिंह के नेतृत्व तत्कालीन संयुक्त मोर्चा की सरकार से समर्थन वापस ले लिया था और केन्द्र की सरकार को गिरा दिया था।

प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष चोलेश्वर चंद्राकर ने कहा है कि ओबीसी वर्ग को उनका अधिकार देने का काम छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार ने किया है। छत्तीसगढ़ में ओबीसी वर्ग की जाति का जनगणना भूपेश सरकार ने कराया क्वांटिफ ायबल डाटा आयोग का गठन किया। उसके आधार पर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक भी सर्वसम्मति से पारित किया है। छत्तीसगढ़ में बहुसंख्यक आबादी के हित और हक के लिए 76 प्रतिशत आरक्षण का सर्व सम्मति से पारित विधेयक विगत 2 दिसंबर 2022 से आज तक भारतीय जनता पार्टी के षड्यंत्रों के चलते ही राज भवन में लंबित है। भाजपा के कथनी और करनी के अंतर को जनता समझ रही है। छत्तीसगढ़ के भारतीय जनता पार्टी के नेता जातिगत जनगणना के संदर्भ में अपनी स्थिति स्पष्ट करें। भारत जोड़ो के यात्री रहे देश के सांसद राहुल गांधी के द्वारा लगातार सड़क से लेकर संसद भवन में मोदी सरकार को आईना दिखाते हुए कहा है कि देश में मात्र तीन भारत सरकार के सचिव है प्रधानमन्त्री मोदी अपने आप को ओबीसी वर्ग से आने की डिंडोरा पीटता है। आज राहुल गांधी एसटी, एससी, ओबीसी अल्पसंख्यक समाज की आवाज है केंद्र में कांग्रेस सरकार बनते ही पहली प्राथमिकता जातिगत जनगणना कराई जाएगी। आज राज्य व्यापी आंदोलन में प्रदेश के नेता नंदकुमार चंद्रा, गुलबुद्दीन खान, कुशल कश्यप, विजय चंद्रा,बालेश्वर साहू, अनिल चंद्रा, ओम बर्मन, सतीश महेश, कमल किशोर पटेल, सीता बाई जटवार, खान, उमा शंकर चंद्रा, नीलम चंद्रा, इश्माइल खान, हजारो लोग शामिल। हु,छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग।

# जैजैपुर से दमदार चेहरा कृष्णकांत को मिल सकती है बीजेपी की टिकट

## प्रबल दावेदारों में निकले आगे

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।

भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र से एक दमदार नेता को चुनाव मैदान में उतारे जाने की प्रबल संभावना है। भाजपा ने कृष्णकांत चंद्रा को जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया जा सकता है। जिससे जैजैपुर विधानसभा क्षेत्रवासियों व सक्ति जिले से लेकर जांजगीर चांपा जिले तक के भाजपा कार्यकर्ता में काफी उत्साह है।



आपको बता दें कि कृष्णकांत चंद्रा एक दमदार, वरिष्ठ, अति अनुभवी, सरल स्वभावी, मिलनसार, साफ सुथरी छवि के नेता के रूप जाने जाते है। कृष्णकांत चंद्रा भारतीय जनता पार्टी के दो बार के जिला अध्यक्ष रहे हैं। इसके पूर्व भी भाजपा के बड़े-बड़े पदों पर काम कर चुके हैं। एक अनुभवी नेता और साफसुथरी छवि के नेता के तौर पर उनकी एक विशिष्ट पहचान है। जांजगीर चांपा जिला एवं नया जिला शक्ति में भाजपा को मजबूत करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है।

कृष्णकांत चंद्रा सन 2003 में चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। वे राजनीति में आने के पहले छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पत्रकार रहे और राजनीति में आने के बाद चंद्रा समाज के दो बार निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुने गए थे। कृष्णकांत चंद्रा भाजपा के दिग्गज नेता स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल के सहयोगी रह चुके हैं। वे ठोस राजनीतिक निर्णय लेने और निर्णय पर अडिग रहने के नाम से जाने जाते हैं। हर दृष्टि से मजबूत एवं एक अनुभवी नेता को भाजपा ने इस बार जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के चुनावी मैदान में उतारा है। चंद्रा को बहुत लंबा इंतजार करने के बाद भाजपा ने टिकट दिया जा सकता है। वे 20 साल के लंबे अंतराल के बाद इस बार विधानसभा का चुनाव लड़ने जा रहे हैं। कृष्णकांत चंद्रा को प्रत्याशी बनाए जाने पर जैजैपुर विधानसभा व सक्ति जिले से जांजगीर चांपा जिले तक के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष एवं उत्साह देखा जा रहा है। जैजैपुर विधानसभा में चंद्रा समाज की बहुलता है। ऐसे स्तिथि में इस बार निश्चित तौर पर जैजैपुर विधानसभा में भाजपा का कमल खिलाना स्वाभाविक प्रतीत हो रहा है।

# एबीवीटीपीएस से सेवानिवृत्त हुए अधीक्षण अभियंता एवं तीन अन्य कर्मचारियों को दी गई भावपूर्ण विदाई

**कोरबा-जांजगीर** । अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा से सितंबर माह में अधीक्षण अभियंता वाय.के.सिंह, कार्यपालन अभियंता वीएस. मनियन, कनिष्ठ पर्यवेक्षक बलराम प्रसाद साहू और अश्वनी कुमार साहू सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति हो रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए पॉवर कंपनी की ओर से आभार जताया।

कार्यपालक निदेशक के हाथों सेवानिवृत्ति अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्मृति चिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्टि अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव, एसडी द्विवेदी एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ डॉ. आरके तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कांफ्रेंस हाल में आयोजित विदाई समारोह में कार्यपालक निदेशक एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारी को स्वस्थ व सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

# निगम के विभिन्न उद्यान में विशेष साफसफाई का कार्य

## निगम के अधिकारी व अन्य नागरिकगणों ने भी स्वच्छता कार्यो में दी अपनी सहभागिता

**कोरबा** । नगर पालिक निगम कोरबा में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 15 सितम्बर से 02 अक्टूबरर 2023 तक '' स्वच्छता ही सेवा '' पखवाडा का आयोजन किया गया, जिसके तहत विभिन्न स्वच्छता गतिविधियॉं, स्वच्छता सुरक्षा कार्यक्रम, स्वच्छता की शपथ, पेंटिंग, क्विज आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये। 01 अक्टूबर को निगम क्षेत्र के 53 स्थानों पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कोरबा शहर के 03 चौक-चौराहों, 05 शमसानघाटों व मुक्तिधामों, 06 मंदिर एवं ईदगाह, 09 स्कूलों, 05 आंगनबाड़ी, 02 बस स्टैण्ड आदि स्थानों में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं एवं आमनागरिकों के सहयोग से श्रमदान कर साफ-सफाई के कार्य कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्मृति उद्यान, चौपाटी, सियान सदन में आयोजित श्रमदान में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य प्रदीप जायसवाल, पार्षद शैलेन्द्र सिंह पप्पी, अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, विपिन मिश्रा, श्री सूर्यवंशी, धनमोहन रात्रे, स्वच्छता कमाण्डो, मिशन क्लीन सिटी सुपरवाईजर, बालको सेवानिवृत्त समिति, यूथ हॉस्टल ऐसोसिएशन केरबा, चौपाटी व्यापारी समिति, महिला मैत्री संघ के साथ ही सभी सफाई कर्मियों ने श्रमदान कर अपना सम्पूर्ण सहयोग अभियान में रहा।

# गांधी जयंती पर भरोसे की यात्रा सक्ती विधानसभा की जनता को साधने डॉ.महंत की बाईक रैली

## रैली में फोर व्हीलर का काफिला रहा, डॉ. महंत के समर्थन में उमड़ा जन सैलाब-श्याम सुंदर अग्रवाल



जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी जीत सुनिश्चित करने सक्ती विधानसभा के जनता को अपने पक्ष में करने तरह तरह के चुनावी जोर आजमाईश में लगी हुई है। इसी कड़ी में आज गांधी जयंती 2 अक्टूबर के अवसर पर सक्ती विधानसभा में एक भव्य बाईक रैली का आयोजन किया गया जिसे डा. महंत ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

पूरे कार्यक्रम का दारोमदार श्याम सुंदर अग्रवाल के उपर रहा जिन्होंने अपनी पूरी ताकत इस रैली को सफल बनाने में झोक दी और रैली सफल रही। श्याम सुंदर अग्रवाल डॉ महंत के सबसे करीबी है और माना जा रहा है कि डॉ. महंत की चुनावी बागडोर श्याम सुंदर अग्रवाल ही संभालेंगे। इधर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर को प्रदेश कांग्रेस एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय कांग्रेस ने भरोसा यात्रा निकालकर सभी विधानसभा के गांव.गांव तक पहुंची और राज्य सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं से जनता को अवगत कराया साथ ही पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की कमियों को गिनाया गया।

### बाईक रैली, डॉ. महंत के समर्थन में उमड़ा जन सैलाब

वरिष्ठ कांग्रेसी व डॉ. महंत के खास हो चुके श्याम सुंदर अग्रवाल ने बताया कि सुबह डॉ. महंत ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जिसके बाद रैली नगरदा, कुरदा, सेंदरी, पुटेकेला, तुर्रीधाम, खैरा, बासीन, डड़ई, अचानकपुर, असौंदा, नवापारा डोड़की, बगबुड़वा, कंचनपुर होते हुए सक्ती शहर पहुंची जहां शहर का भ्रमण करते हुए रैली बाराद्वार रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पहुंचकर समाप्त हुई। बाईक रैली को सफल बनाने में ब्लॉक अध्यक्ष पंडित दिगंबर चौबे एवं फोर व्हीलर का नेतृत्व किया पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल आनंद अग्रवाल राधे ट्रेडर्स मुकेश कमल शर्मा कमल अनुराग सोनू कुरैशी संजय बिहारी कृष्ण अग्रवाल प्रतीक जिंदल प्रकाश अग्रवाल मनीष कथूरिया आलोक अग्रवाल राहुल अग्रवाल सुमित अग्रवाल इन नाम का और जोड़ना है जिला अध्यक्ष त्रिलोक चंद जायसवाल गिरधर जयसवाल पिंटू ठाकुर अमृत सोनार पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अमृत सोनर लीलाधर जायसवाल पुटेकेला सरपंच नानू भाचा रामसजीवन देवांगन चंदन देवगन संतोष लाला सोनी सामेलाल गबेल पीयूष राय मनोज जायसवाल सहित हजारों की संख्या में रैली में शामिल।

# एसबीआई बैंक हेतु केवल भूतपूर्व सैनिकों से 5 अक्टूबर तक आनलाइन आवेदन आमंत्रि

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

भारतीय स्टेट बैंक ने आर्म्स पद के लिए भी केवल भूतपूर्व सैनिकों, पूर्व सीएपीएफ, एआर से और कंट्रोल रूम ऑपरेटर के लिए केवल भूतपूर्व सैनिक, राज्य अग्निशमन सेवा कार्मिक, पूर्व सीएपीएफ और एआर के भारतीय नागरिकों से इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 5 अक्टूबर 2023 तक आमंत्रित किया है। वेबसाइट बैंक डॉट एसबीआई.कैरियर्स या एसबीआई डॉट सीओ डॉट इन कैरियर्स करेंट ओपनिंग से इस भर्ती विज्ञापन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इन पदों के लिए नवंबर या दिसंबर 2023 में लिखित परीक्षा का आयोजन संभावित है।

# निर्वाचन के संबंध में बैंक अधिकारियों का बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।




उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के बैंक अधिकारियों का बैठक लिया। भारद्वाज ने बैंक अधिकारियों को कहा कि निर्वाचन के दौरान राजनीतिक दल के अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन फार्म में दिए गए अपने सभी बैंक खाता का नंबर, यदि नया खाता खोलता है तो उसे, अपने जीवन साथी, अन्य करीबी रिश्तेदारों, उसके एजेंट आदि के बैंक खातों का भी विवरण सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध कराना है। अभ्यर्थी की व्यय सीमा 40 लाख रुपए निश्चित है। इस अवसर पर जिले के सभी बैंक अधिकारी और निर्वाचन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# गांधी जयंती के अवसर पर नगर पालिका द्वारा स्वच्छता दीदीयो का किया सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



रतनपुर नगर पालिका परिषद के द्वारा 15 सितंबर से स्वच्छता पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक मनाया गया। जिसमें अनेकों स्वच्छता के कार्यक्रम किए गए वही कल सभी वार्डों में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया स्वच्छता दीदीयो के द्वारा प्रतिदिन रिक्शा लेकर घर-घर से सुखा एवं गिला कचरा कलेक्शन किया जाता है और उनके द्वारा कचरे से वर्मी कंपोस्ट खाद भी बनाया जाता है उनकी मेहनत और लगन से पूरा नगर स्वच्छ और साफरहता है वहीं नगर पालिका के सफाई कर्मियों के द्वारा प्रतिदिन पूरे नगर की साफ-सफाई की जाती है स्वच्छता पखवाड़ा के समापन अवसर पर आज सम्मान समारोह रखा गया जिसमें सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। स्वच्छता कार्य को कवरेज करने की लिए भी पत्रकार ताहिर अली,वसीद अली, संजय सोनी,गुरुदेव सोनी विजय दानीकरका भी सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम मुख्य रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी एच डी रात्र, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम रात्रे, उपाध्यक्ष कन्हैया यादव यादव, पार्षद नीतू सिंह, एल्डरमैन पूर्णिमा वैष्णव, पार्षद शतरूपा प्रजापति, इंजीनियर नामदेव, सफाई इंस्पेक्टर अजीत ठाकुर, विजय बिसेन, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र दुबे, सभी पत्रकार एवं नगर पालिका के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में सफाईकर्मी मौजूद रहे।

# पोरथा ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बनाए जाने के विरोध में पोरथा ग्रामीण प्रबुद्ध जनों ने की आमसभा बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



नवीन जिला सक्ती अंतर्गत ग्राम पंचायत पोरथा जिला सक्ती को 26 सितंबर 2023 छत्तीसगढ़ सरकार की मंत्री परिषद की बैठक में पोरथा को नगर पंचायत बनाए जाने हेतु निर्धारित मापदंड में छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इसके विरोध में पोरथा ग्राम पंचायत के प्रबुद्ध जनों की बैठक बुलाई गई जिसमें सभी ने एक राय होकर पोरथा को ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बनाए जाने का पूर्ण रूप से विरोध किया बैठक में गांव के पंच समूह उपस्थित रहे सभी ने एक राय होकर हाईकोर्ट की शरण जाने का निर्णय लिया है साथ ही चक्का जाम एवं कलेक्टर कार्यालय का घेराव प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है पोरथा ग्रामीण जनसमूह नगर पंचायत बनाए जाने का पूर्ण रूप से विरोध कर रही है साथ ग्रामीण जनों का कहना कि अगर ग्राम पंचायत पोरथा को नगर पंचायत बनाया गया तो हम सभी पोरथा ग्रामवासी आने वाली विधानसभा चुनाव का पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे ऐसा ग्रामीण जनों का कहना है सक्ती विधानसभा अंतर्गत आने वाले 2 से 3 माह के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय चुनाव होना है ऐसी स्थिति में सक्ती जिला के ग्राम पंचायत पोरथा को नगर पंचायत बनाए जाने का निर्णय कहीं सरकार को महंगा ना पड़ जाए।

आम सभा बैठक में प्रमुख रूप से पंचगण हीरालाल कुर्रे, शिव राजपूत, ज्ञान साहू,गोपाल जयसवाल, बुधवारा बाई सिदार, सीमा राठौर,पुष्पा राठौर पंच एवं ग्रामीण जनों में नीलकंठ राठौर, कमलेश्वर सोनी,सोमनाथ सोनी, रामप्रसाद राठौर, त्रिभुवन राठौर, नरेंद्र राठौर, मुकेश राठौर, राम सिदरा,ओम प्रकाश सोनी,अजय सोनी,बंसीलाल राठौर, भवानी राठौर, जगदीश राठौर, विजय राठौर,मोहित केवट,खगेश्वर सोनी, राजेश देवांगन, दुर्गेश साहू, दादू लाल जायसवाल, विजय सोनी, भानु प्रताप राठौर, लोकनाथ राठौर, भानू चौहान, धनेश्वर यादव,संतोष राठौर, जीवनलाल राठौर, नारायण राठौर,गौरी शंकर सोनी, महादेव राठौर, भीम राठौर, राम प्रसाद राठौर, जैसे अनेक प्रबुद्ध जन बैठक में उपस्थित रहे।

## फिल्म खो गए हम कहां सिनेमाघरों में नहीं होगी रिलीज, निर्माताओं ने चुना ओटीटी का रास्ता



अर्जुन वरन सिंह के निर्देशन में बन रही फिल्म खो गए हम कहां पिछले कुछ वक्त से चर्चा में है।इसमें अनन्या पांडे, आदर्श गौरव और सिद्धांत चतुर्वेदी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इन तीनों की तिकड़ी देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं।अब फिल्म की रिलीज से जुड़ी एक खबर आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के निर्माताओं ने खो गए हम कहां की रिलीज के लिए सिनेमाघरों को छोड़ ओटीटी प्लेटफॉर्म का रास्ता चुन लिया है। फिल्म खो गए हम कहां ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। हालांकि, अभी निर्माताओं ने इसकी रिलीज की तारीख का ऐलान नहीं किया है।



## ब्रेकअप ट्रैक के जरिए संगीत की दुनिया में कदम रख रहीं पलक पुरसवानी

रियलिटी स्टीमिंग शो बिग बॉस ओटीटी 2 में नजर आने वाली टीवी अभिनेत्री और मॉडल पलक पुरसवानी संगीत की दुनिया में कदम रख रही हैं। उनका म्यूजिक वीडियो जल्द ही रिलीज होने वाला हैं।

पलक ने कहा कि उनका नया सॉन्ग एक ब्रेकअप ट्रैक है, जो सभी को पसंद आएगा। एक्ट्रेस ने अपने सॉन्ग को लेकर कहा, मैं म्यूजिक वीडियो को लेकर बहुत एक्साइटिड हूं, क्योंकि बहुत से लोग जो रिश्तों में ब्रेकअप से गुजरते हैं, वे इससे जुड़ाव महसूस करेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि उनका खुद भी इस ट्रैक से पर्सनल अटैचमेंटहै और वे इससे जुड़ सकती हैं। इस पर विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा, मैं भी इससे जुड़ी हूं। साथ ही, यह मेरा अब तक का पहला म्यूजिक वीडियो है। मैं अपने सभी एक्टर फ्रेंड्स से उम्मीद करूंगी कि वे इसको प्रमोट करें ताकि म्यूजिक वीडियो वायरल हो जाए!

म्यूजिक वीडियो के बारे में खुलासा करते हुए पलक ने कहा, मेरे आने वाले म्यूजिक वीडियो के सिंगर मोहम्मद दानिश हैं जो इंडियन आइडल का हिस्सा थे। म्यूजिक वीडियो में मेरे अपोजिट अध्विक महाजन हैं। उन्होंने इसका हिस्सा बनना क्यों चुना, इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, इसे मुंबई के मढ़ में ही शूट किया गया था। मैंने इस गाने के लिए हां इसलिए कहा क्योंकि गाना वाकई बहुत अच्छा था। मैं इस गाने से एक खास तरह से जुड़ सकती हूं। यह 1 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

## वाणी कपूर ने दिखाया अब तक का सबसे बोल्ड लुक, तोड़ी सारी हदें

वाणी कपूर ने अपने अब तक के करियर में कई फिल्मों में बेहतरीन किरदारों को बखूबी पर्दे पर उतार चुकी हैं. हालांकि, अपनी फिल्मों के अलावा वाणी अपनी हॉटनेस और स्टाइलिश फोटोशूट की वजह से भी काफी चर्चा में बनी रहती हैं. अक्सर उनके इंस्टाग्राम पेज उनके ग्लैमरस लुक्स देखने को मिल जाते हैं. अब फिर से एक्ट्रेस ने फिर से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं.

लेटेस्ट फोटोशूट में वाणी अपना बिकिनी लुक फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं. उन्होंने इस दौरान ग्रीन शेड की बिकिनी के साथ डेनिम जीन्स कैरी की है.

एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को और हॉट बनाने के लिए जीन्स के बटन खोल कैमरे के सामने किलर पोज दिए हैं. वाणी ने बहुत बेबाकी से अपना ये बोल्ड लुक फ्लॉन्ट किया है.

वाणी ने इस लुक को सटल बेस, रोजी शाइनी चीक्स, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और न्यूड आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इसके साथ उन्होंने अपने बालों को मैसी टच देकर ओपन रखा है. एक्सेसरीज के तौर पर वाणी ने एक हाथ में गोल्ड बैंगल्स पहने हैं. वाणी इस लुक में बेहद हॉट दिख रही हैं. खासतौर पर एक्ट्रेस के कर्वी फिगर ने सबके होश उड़ा दिए हैं.

दूसरी ओर वाणी की आने वाली फिल्मों पर बात करें तो इस समय एक्ट्रेस मंडाला मर्डर्स टाइटल से बन रही वेब सीरीज को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. बता दें कि पिछली बार वाणी को रणबीर कपूर के साथ फिल्म शमशेरा में देखा गया था.



## फुकरे 3 के आगे पस्त हुई द वैक्सीन वॉर, जवान का ऐसा रहा हाल

सिनेमाघरों में इस हफ्ते विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द वैक्सीन वॉर, फुकरे 3 और चंद्रमुखी 2 के बीच भिड़ंत देखने को मिली, जिसमें पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर फुकरे 3 बढ़त बनाए हुए है।दूसरी और शाहरुख खान की फिल्म जवान का चौथे हफ्ते में भी टिकट खिड़की पर जलवा बरकरार है और यह बाकी सभी फिल्मों को कड़ी टक्कर दे रही है।आइए जानते हैं कि शुक्रवार को किस फिल्म ने कितनी कमाई की है। फुकरे फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त फुकरे 3




कॉमेडी और ड्रामे से भरपूर है, जिसे दर्शकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही हैं।फिल्म ने पहले दिन 8.82 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपनी शुरुआत की थी तो दूसरे दिन इसकी कमाई में थोड़ी कमी देखने को मिली है। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने शुक्रवार को 7.50 करोड़ रुपये कमाए हैं और अब इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 16.32 करोड़ रुपये हो गया है। नाना पाटेकर अभिनीत फिल्म द वैक्सीन वॉर कोरोना वायरस के दौरान देश के वैज्ञानिकों द्वारा वैक्सीन बनाने के सफर की कहानी बताती है।

## आशुतोष गोवारिकर की काला पानी की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, मोना भी निभाएंगी मुख्य भूमिका



फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर अपकमिंग सीरीज काला पानी की स्टार कास्ट का हिस्सा हैं, जो 18 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। एक्टर ने इसे एक दिलचस्प प्रोजेक्ट करार दिया।

अब निर्माताओं ने वेब सीरीज की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। पोशम पा पिक्चर्स द्वारा निर्देशित सीरीज समीर सक्सेना और अमित गोलानी द्वारा निर्मित है और बिस्वपति सरकार, अमित गोलानी, संदीप साकेत और निमिषा मिश्रा द्वारा लिखी गई है।

मोना सिंह, आशुतोष गोवारिकर और अमेय वाघ स्टारर काला पानी दर्शकों को अंडमान निकोबार द्वीप समूह की यात्रा पर ले जाएगी।

लेकिन, इस द्वीप पर सब कुछ सहज नहीं चल रहा है। सामाजिक व्यवस्था चरमराने से अराजकता फैल जाती है, जिससे इसके निवासी फंस जाते हैं और बाहरी दुनिया से अलग हो जाते हैं।

## प्रभास-स्टारर सालार पार्ट 1-सीजफायर की टक्कर शाहरुख की डंकी से, 22 दिसंबर को होगी रिलीज

आदिपुरुष की असफलता के बाद, प्रभास के फैंस उनकी अपकमिंग फिल्म सलार की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. केजीएफ फेम प्रशांत नील के डायरेक्शन में बनी सलार एक एक्शन थ्रिलर है. पहले, मेकर्स ने अनाउंसमेंट की थी कि फिल्म 28 सितंबर को रिलीज होगी. हालांकि, मेकर्स ने फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर काम करने का फैसला लेते हुए रिलीज को पोस्टपोंड कर दिया. वहीं 29 सितंबर को प्रोडक्शन हाउस होम्बले फिल्म्स ने आखिरकार फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी है और इसके मुताबिक ये फिल्म शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म डंकी से क्लैश करेगी.




### सलार की नई रिलीज़ डेट आई सामने

29 सितंबर को यानी आज होम्बले फिल्म्स ने प्रभास स्टारर सलार की नई रिलीज की तारीख एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अनाउंस कर दी. उन्होंने फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया और लिखा, जल्द ही आ रहा है! सलार सीज फायर वर्ल्डवाइड रिलीज 22 दिसंबर, 2023 को.

सलार इस साल के अंत में क्रिसमस वीकेंड के दौरान सिनेमाघरों में शाहरुख खान की डंकी से क्लैश करेगी. पिछले साल 'डंकी' रिलीज की अनाउंसमेंट करते हुए राजकुमार हिरानी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा था, शाहरुख खान आखिर हमने एक साथ फिल्म बनाने का फैसला ले ही लिया. डंकी की अनाउंसमेंट करते हुए बेहद एक्साइटेड हूं. अगले क्रिसमस पर आपके पास आ रहा हूं. 22.12.23 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

# खेल

### एशियाड मेडल टैली आठवां दिन

| पोजिशन | देश | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चीन | 130 | 72 | 39 | 242 |
| 2 | साउथ कोरिया | 30 | 35 | 59 | 124 |
| 3 | जापान | 29 | 41 | 42 | 112 |
| 4 | **भारत** | **13** | **21** | **19** | **53** |
| 5 | उज्बेकिस्तान | 11 | 12 | 17 | 40 |
| 6 | थाईलैंड | 10 | 6 | 14 | 30 |

*19वें एशियन गेम्स के 8वें दिन भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन रहा। भारतीय खिलाड़ियों ने 3 गोल्ड, 7 सिल्वर और 5 बॉन्ज सहित कुल 15 मेडल जीते। इन मेडल के सहारे ओवरऑल मेडल टैली में भारत के 13 गोल्ड समेत 53 मेडल हो चुके हैं। 8वें दिन भारत को एथलेटिक्स में दो और शूटिंग से एक गोल्ड मिला। इस दिन एथलेटिक्स के मेडल इवेंट शुरू हुए और भारत ने एथलेटिक्स के हर एक इवेंट में पोडियम फिनिश किया। एथलीट्स ने 2 गोल्ड समेत कुल 9 मेडल जीते।*

## एशियाड में भारत ने जीते 53 मेडल

*8वें दिन 3 गोल्ड, 7 सिल्वर और 5 बॉन्ज आए; एथलीट ने हर इवेंट में मेडल जीता*

चीन के हांगझोउ में भारत ने शूटिंग के मेंस ट्रैप, 3000 मीटर स्टेपल चेज और शॉटपुट इवेंट में गोल्ड जीते। स्टेपलचेज में अविनाश ने गेम्स रिकॉर्ड के साथ बनाया। उन्होंने ईरान के हुसैनी (8 मिनट 22.79 सेकेंड) का रिकॉर्ड तोड़ा, जबकि भारतीय टीम चीन से गोल्ड मेडल मैच हार गई।

### 8वें दिन के मेडल

**गोल्फ** – अदिति ने सिल्वर जीता अदिति अशोक ने गोल्फ में दिन का पहला मेडल दिलाया। उन्होंने विमेंस इंडिविजुअल इवेंट में सिल्वर जीता। वह एशियन गेम्स में गोल्फ में मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला भी हैं।

**शूटिंग**– 3 मेडल आए, कुल संख्या 22 पहुंची शूटिंग के इंडिविजुअल मेंस ट्रैप इवेंट में


मेंस इंडिविजुअल ट्रैप - ब्रॉन्ज
किनान चेनाई

भारत के किनान चेनाई ने ब्रॉन्ज जीता। किनान ने 40 में से 32 स्कोर कर मेडल अपने नाम किया है। यह आज भारत का शूटिंग में तीसरा मेडल रहा।

शूटिंग के ट्रैप-50 मेंस टीम इवेंट- पृथ्वीराज टोंडाइमैन, जुरावर सिंह और किनान चेनाई की तिकड़ी ने गोल्ड जीता।

विमेंस के ट्रैप इवेंट मनीषा कीर, प्रीति रजक और राजेश्वरी कुमारी ने सिल्वर मेडल जीता।

**बॉक्सिंग** - सेमीफाइनल हारी निखत जरीन निखत जरीन बॉक्सिंग की विमेंस 50 च्त्र वेट कैटेगरी का सेमीफाइनल मुकाबला हार गई हैं। उन्हें थाईलैंड की रस्कत सी ने हराया।

**एथलेटिक्स 3000 मीटर स्टीपलचेज** - अविनाश ने दिलाया गोल्ड अविनाश साबले ने 3000 मीटर स्टीपलचेज में गेल्ड मेडल जीता, उन्होंने शुरुआत से ही जिम्मेदारी संभाली और एशियन गेम्स रिकॉर्ड भी बनाया। साबले ने 8ः19.53 के समय के साथ फिनिश किया। एशियन गेम्स 2023 में यह भारत का पहला ट्रैक एंड फील्ड गोल्ड था।

एथलेटिक्स - शॉट पुट में तजिंदरपाल सिंह तूर नंबर वन रहे, आखिरी प्रयास में 20.36 मीटर स्कोर किया भारतीय शॉट पुटर तजिंदरपाल सिंह तूर ने दिन का तीसरा और एथलेटिक्स का दूसरा गोल्ड दिलाया। उन्होंने 20.36 मीटर स्कोर के साथ सोना जीता।

वर्ल्ड कप सीरीज, पार्ट–7

## टॉस जीतो, मैच जीतो का फॉर्मूला 6 स्टेडियम में काम कर सकता है, ओस के कारण रन चेज होगा आसान

वनडे वर्ल्ड कप इस बार भारत में होने जा रहा है। आम तौर पर भारत की पिचें स्पिनर्स के लिए मुफीद होती हैं। हालांकि, डे-नाइट मैचों के दौरान ओस ज्यादा गिरने पर स्थिति बदल जाती है। फिर स्पिनर्स बेअसर हो जाते हैं। मुश्किलें फास्ट बॉलर को भी आने लगती हैं। इससे टारगेट का पीछा करने वाली टीम की स्थिति बेहतर हो जाती है।




वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से शुरू होकर 19 नवंबर तक चलेगा। इन महीनों में भारत के ज्यादातर शहरों में ओस गिरती है। इससे आशंका है कि यह वर्ल्ड कप टॉस जीतो, पहले फील्डिंग करो और मैच जीतो वाला टूर्नामेंट बन सकता है। हमने पिछले 10 साल में भारत में हुए डे-नाइट मैचों के स्टैट्स के आधार यह जानने की कोशिश की है कि किन शहरों में ओस का रोल ज्यादा बड़ा होगा।

डे-नाइट मैचों में टॉस जीतने पर कप्तान अक्सर पहले गेंदबाजी चुनते हैं। कारण पूछे जाने पर कहते हैं कि ड्यू फैक्टर के कारण उन्होंने चेज करना चुना। दरअसल, ओस गिरने से क्रिकेट की आउटफील्ड और पिच गीली हो जाती है।

ऐसे में बैटर के शॉट खेलने पर गेंद घास में रोल होते हुए जाती है। इससे गेंद पर पानी लगता है और उस पर फिसलन बढ़ जाती है। गीली बॉल पर गेंदबाज ठीक से पकड़ नहीं बना पाता और गेंद हाथ से फिसलना शुरू कर देती है।

इससे स्पिनर्स गेंद को टर्न नहीं करा पाते, पेसर्स टप्पा मेंटेन नहीं कर पाते और फील्डर्स भी गेंद को आसानी से नहीं पकड़ पाते।

एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट का एयरपोर्ट पर स्वागत

## अंबाला के सरबजोत ने एयर पिस्टल में भारत को दिलाया पहला मेडल, 21 पदक जीत चुका

**अंबाला।** शूटिंग में गोल्ड मेडल जीत भारत लौटे अंबाला के बेटे सरबजोत सिंह का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। सरबजोत के परिजन रविवार रात को दिल्ली एयरपोर्ट पहुंच गए थे। सरबजोत के पिता जीतेंद्र सिंह, कोच अभिषेक राणा समेत अन्य परिजन व रिश्तेदार एयरपोर्ट पहुंचे। यहां ढोल की थाप के साथ फूल मालाएं पहना और लड्डू खिला सरबजोत का भव्य स्वागत किया। सरबजोत सिंह अंबाला के गांव धीन निवासी किसान जीतेंद्र सिंह का बेटा है। सरबजोत ने चीन के हांगझोऊ में हुए 19वें एशियन गेम्स में भारत को पहला गोल्ड दिलाया। सरबजोत ने यह मेडल 10 मीटर एयर पिस्टल में हासिल किया। सरबजोत की इस उपलब्धि के बाद जश्न का माहौल है।



### अभी तक 21 मेडल हासिल कर चुका सरबजोत

कोच अभिषेक राणा ने बताया कि सरबजोत 2016 से उनके पास कोचिंग ले रहा है। किसान का बेटा होने के बावजूद शूटिंग के खेल में इस कद्र खुद को झोंक दिया है कि अभी तक करीब 21 मेडल हासिल कर चुका है। इस टीम में सरबजोत सिंह, अर्जुन सिंह और शिवा नरवाल की तिकड़ी ने भारत को पहला गोल्ड दिलाया। उन्होंने 10 मीटर पिस्टल मेंस इवेंट में 1734 स्कोर बनाया है। कोच अभिषेक राणा ने बताया कि सरबजोत लगभग 60 से 70 चरू का सफर तय करता था, लेकिन उन्होंने उसे कभी बाइक चलाने नहीं दिया, तभी उसने यह मुकाम हासिल किया है।

### एक नजर

## धोनी से बहुत कुछ सीखा लेकिन कप्तानी का मेरा अपना तरीकाः गायकवाड़


**हांगझोउ** । उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी से काफी कुछ सीखा है लेकिन पहली बार एशियाई खेलों की क्रिकेट स्पर्धा में भारतीय पुरूष टीम की कप्तानी कर रहे रूतुराज गायकवाड़ ने कहा कि उनकी कप्तानी की अपनी शैली है । महिला टीम के बाद अब भारतीय पुरूष क्रिकेट टीम भी स्वर्ण पदक की दावेदार होगी । भारतीय टीम मंगलवार को क्वार्टर फाइनल खेलेगी । इंडियन प्रीमियर लीग में धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलने वाले गायकवाड़ ने कहा , मैने धोनी से बहुत कुछ सीखा है लेकिन हर व्यक्ति की अपनी शैली होती है । उनकी शैली अलग है, उनकी शख्सियत अलग है और मेरी अलग है ।' उन्होंने कहा , मैं उनके जैसा कुछ करने की बजाय अपनी शैली से खेलूंगा । हालात का सामना करने और खिलाड़ियों के सही उपयोग को लेकर उनसे मिली सीख को मैं जरूर अमल में लाऊंगा । भारतीय कोच वीवीएस लक्ष्मण ने कहा कि चीन में क्रिकेट खेलना अनोखा अनुभव होगा । उन्होंने कहा, यहां बहुत अलग है । हमने कभी सोचा भी नीं था कि चीन में क्रिकेट खेलेंगे । पूरी टीम के लिये यह शानदार मौका है । एशियाई खेलों में भाग लेना गर्व की बात है ।



गायकवाड़ ने कहा , क्रिकेट में विश्व कप है, आईपीएल है और घरेलू टूर्नामेंट है । हम उस तरह के हालात और माहौल के आदी है लेकिन यहां खेलगांव में रहना , दूसरे खिलाड़ियों को और उनके संघर्षों को जानना अलग अनुभव है । उन्हें दो तीन साल या चार साल में खेलने का मौका मिलता है । हमें खेलगांव का दौरा करके बहुत अच्छा लगा ।

## भारत घुड़सवारी इवेंटिंग जंपिंग टीम और व्यक्तिगत वर्ग में आखिरी स्थान पर

हांगझोउ, 02 अक्टूबर। भारतीय घुड़सवारों ने एशियाई खेलों में सोमवार को टीम और व्यक्तिगत जंपिंग फाइनल में निराशाजनक प्रदर्शन किया और आखिरी स्थान पर रहे । कुल 1077 . 20 पेनल्टी अंक के साथ भारतीय टीम पांचवें और आखिरी स्थान पर रही । चीन ने 86 . 80 पेनल्टी अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता । जापान ( 92.70 ) को रजत और थाईलैंड (93 . 90 ) को कांस्य पदक मिला । भारतीय टीम में विकास कुमार, अपूर्व दाभाडे और आशीष लिमये थे । आशीष शनिवार को क्रॉसकंट्री में दो जंप चूकने के कारण बाहर हो गए थे । व्यक्तिगत वर्ग में विकास मामूली अंतर से शीर्ष तीन में जगह बनाने से चूके और चौथे स्थान पर रहे । उन पर ड्रेसेज में 32 . 40 और क्रॉसकंट्री में 8 . 80 पेनल्टी अंक लगे। दाभाडे 12वें स्थान पर रहे ।



# बरही ओडिशा सीमा में 27 किलो गांजा सहित दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

## देवभोग पुलिस की बड़ी कार्यवाही मुखबिरी सूचना पर नाकेबंदी कर तस्करों को दबोचा

जोहार छत्तीसगढ़–देवभोग।

देवभोग पुलिस जब क्षेत्र भ्रमण कर रही थी उसी दौरान पुलिस को मुखबिर ने सूचना पर मादक पदार्थ गांजे की तस्करी की सूचना दी। इस थाना प्रभारी गौतम गावडे ने टीम को बरही भेजा जहां पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर दो तस्कर को गिरफ्त में ले लिया।

पुलिस के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार देवभोग के सीमा से लगे ओडिशा नवरंगपुर जिला के मैदलपुर थाना क्षेत्र के काकुडीआम गोंव के दो तस्कर दुपहिया वाहन मोटरसाइकिल में बोरिया लाद कर छग की ओर तस्करी कर रहे थे जिसे बरही नाका के पास वाहनो के चेकिंग के दरम्यान रोक कर पूछताछ और चेकिंग में बोरियो में मादक गाँजा पाया गया। पुलिस पुछताछ में पता चला काकुडीआम के दो भाई ईश्वर नायक और लोकनाथ नायक पिता सोमनाथ नायक इस तस्करी में शामिल थे।देवभोग थाना प्रभारी गावडे ने मुखबिर सूचना के बाद अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मैनपुर को सूचना देकर अनुमति पश्चात क्षेत्र भ्रमण टीम को तुरंत सीमा भेजा जहां पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।पुलिस ने धारा 20 ख ई नारकोटिक्स एक्ट के तहत दर्जत्रकर आरोपियो को न्यायिक हिरासत मे जेल भेजा है।



### दो लाख नब्बे हजार के गांजा के साथ दुपहिया वाहन जप्त

देवभोग पुलिस ने जिन दो आरोपियो को गांजे की तस्करी करते पकड़ा उनमे ईश्वर नायक के पास से 7 किलो जिसका बाजारू मूल्य 70 हजार रूपये है वही लोकनाथ नायक से 20 किलो गांजा जिसका मूल्य 2 लाख रूपये है पाया गया है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने आरोपियो से एक दुपहिया वाहन जप्त किया है जिसका अनुमानित मूल्य 20 हजार रूपये है इसको मिलाकर कुल दो लाख नब्बे हजार की जप्ती की है।

### सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण आये दिन होता है तस्करी

देवभोग ब्लाक ओडिशा के नवरंगपुर कालाहाण्डी और नुआपडा तीनों जिले से घिरा हुआ है जिसके चलते आये दिन मादक द्रव्य गांज, हीरे, किमती इमारती लकड़ी सागौन तथा अन्य प्रतिबंधित चीजो की तस्करी होता रहा है समय समय पर तगडी मुखबिरी के आधार पर पुलिस ने बड़ी–बड़ी कार्रवाई कर आरोपियो को जेल भेजा है।

### सीमा पर स्थायी चेक पोस्ट की जरूरत

*तस्करी की व्यापकता को देखते हुये ओडिशा सीमावर्ती इलाको में स्थायी चेक पोस्ट की जरूरत है। हालांकि कालाहाण्डी को छु रहे सीमा पर कुछ वर्षो से स्थायी चेक पोस्ट है जिसके चलते तस्कर इस रास्ते बेखौफ नहीं घुस पा रहे हैं किन्तु नुआपडा और नवरंगपुर सीमा को छु रहे छग सीमा पर स्थामी चेक पोस्ट नही होने के वजह से तस्करी की संभावना बनी रहती है। हालांकि देवभोग पुलिस तस्करी मामले को लेकर हमेशा एलर्ट मोड पर है जिसके चलते आरोपी पुलिस के हत्थे चढ जाते है और हमेशा पुलिस को तस्करी मामले पर सफलता मिल जाती है।*

## एक नजर

### स्वच्छता के एक कदम में बैंक आफ बड़ौदा

जोहार छत्तीसगढ़–देवभोग।



सरकार ही नहीं जन–जन का उद्देश्य बन चुका स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा ने देवभोग अस्पताल प्रांगण की सफाई किया। स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान भी किया है। स्वच्छता ही सेवा है। अभियान के तहत आज बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी टीम के साथ सुबह से स्वच्छता अभियान चलाया। जिसके तहत अस्पताल के सभी वार्ड,प्रांगण की साफ–सफाई किया गया। बैंक मैनेजर अविनाश पंडा के नेतृत्व में बैंक प्रबंधन के अलावा युवा मितान क्लब,देवभोग एवम कुम्हडई खुर्द के ग्रामीण व अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मिल लगभग 40 लोगों ने इस सफाई अभियान में भाग लिया था। स्वच्छता अभियान के बाद सभी सफाई कर्मियों को बीएमओ सुनील रेड्डी की मौजूदगी में साल श्रीफल देकर स्मानीत करने के अलावा उन्हें राशन का पैकेट भी भेट किया गया। आयोजन को सफल बनाने में बैंक मैनेजर के अलावा आफिसर मनोरंजन दास,सूबेदार मुंडेया, जे तिग्गा समेत समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पूज्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती आयोजित कर दी श्रद्धांजलि

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रतनपुर नगर के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 2 अक्टूबर हर भारतीय के लिए एक अति विशिष्ट तारीख होती है। अपनी विराट संकल्प–शक्ति द्वारा स्वदेशी और स्वराज जैसी सुंदर संकल्पनाओं को साकार करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती है, इस दिवस को पूर्व प्रधानमंत्री पंडित लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती होती है। पराधीन भारत के दौरान समुचे देश की राजनीति चेतना को अपनी तपस्या जैसी जीवन शैली से चमत्कृत करने वाले पूज्य बापू तथा स्वतंत्र भारत के स्वाभिमान को विश्व पटल पर विराट रूप में उकेरने वाले शास्त्री दोनों का ही जीवन संदेश इस युग के लिए एक बेहद आवश्यक आदर्श है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रतनपुर नगर, द्वारा राष्ट्र यज्ञ के दोनों सर्व स्वीकृत महापुरुषों को इस दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रणाम किया। जिसमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सूर्या,किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव दामोदर सिंह, प्रदेश सचिव एवं ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री राजा रावत,युवा कांग्रेस महासचिव रवि रावत,ब्लॉक उपाध्यक्ष यासीन अली,शत्रुहन सोनी,महामंत्री रफी अंसारी,कोषाध्यक्ष संतोष सोनी,जोन अध्यक्ष जितेंद्र चंदेल,बूथ अध्यक्ष दुर्गा पटेल, संतोष धीवर,संजू सूर्यवंशी,महिला नेत्री शैल जायसवाल, चंदा बैशवाड़े सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 16 को मुख्यालय बिलासपुर का घेराव करेंगे विस्थापित

**कोरबा** । ग्रामीण एसईसीएल के भूविस्थापित विरोधी गतिविधियों से त्रस्त हो गए हैं । बार–बार आवेदन निवेदन के बाद भी मांगों पर केवल आश्वासन देकर गुमराह किया जा रहा है । विदित हो कि 26 सितंबर को बुडबुड खदान में आंदोलन किया गया था । जिसके संबंध में मुख्यालय के अधिकारियों की उपस्थिति में 29 सितंबर को महाप्रबंधक कार्यालय कोरबा में बैठक आयोजित की गई थी । वार्ता सकारात्मक नहीं होने के कारण ग्रामीण असंतुष्ट होकर एसईसीएल मुख्यालय घेराव करने के लिए मन बना लिए है । जिसके तारतम्य में ग्राम करतली में क्षेत्रीय पंचायत प्रतिनिधि व 7–8 पंचायत के ग्रामीण उपास्थित हुए ।

## एनटीपीसी कोरबा ने स्वच्छता पखवाड़ा 2023-स्वच्छता ही सेवा के तहत एनटीपीसी टाउनशिप पर चलाया स्वच्छता अभियान

**कोरबा** । एनटीपीसी कोरबा द्वारा भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत दिनांक 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा हैं। इस अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा. स्वच्छता ही सेवा का शुभारंभ करते हुए 01 अक्टूबर 2023 को श्री बी रामचंद्र राव, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी कोरबा ने स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर शपथ लिया।

यह कार्यक्रम एनटीपीसी कोरबा टाउनशिप के सब्जी मंडी में आयोजित किया गयाद्य इसी क्रम में 01 अक्टूबर 2023 को एनटीपीसी कोरबा द्वारा सब्जी मंडी में स्वच्छता अभियान भी चालाया गया तथा सब्जी मंडी के अंदर और बाहर साफ सफाई भी की गई। एनटीपीसी कोरबा ने एक जुट होकर एक घंटे के लिए श्रमदान किया।

एनटीपीसी कोरबा सब्जी मंडी पर इस स्वच्छता अभियान का नेतृत्व श्री बी आर राव, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी कोरबा ने किया । इस अवसर पर श्री मधु एस महाप्रबंधक ओ एंड एम,श्री सोमनाथ भट्टाचार्य, महाप्रबंधक प्रचलन श्री मनीष वी साठे, महाप्रबंधक ऐश डाइक श्री प्रभात राम, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण, यूनियन और एसोसिएशन के सदस्य, एवं एनटीपीसी कोरबा टीम और एनटीपीसी कोरबा की सीआईएसएफ टीम मौजूद रहे। इस मौके पर 100 से ज्यादा लोग मौजूद थे।

ज्ञात हो कि स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान एनटीपीसी कोरबा में विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छ भारत अभियान एक ऐसा भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन है जो भारत को स्वच्छ बनाने के लिए सहयोग कर रहा है। यह अभियान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया था और महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के दृष्टिकोण का सम्मान करने के लिए 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया था।

# उरमाल सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा आयोजित रक्त दान शिविर में 111 यूनिट किया गया रक्तदान

## 35 यूनिट महिला और 4 दिव्यांग ने भी किया दान,प्रयासों की हो रही जम कर सराहना

जोहार छत्तीसगढ़–देवभोग।

स्वच्छता दिवस के अवसर पर उरमाल सरस्वती शिशू मंदिर संचालन करने वाली संस्थान मां खम्बेश्वरी बाल संस्कार संस्थान ने स्वच्छता के साथ साथ विशाल रक्तदान शिविर का भी सफल आयोजन किया। जिसमे संस्था के सभी कर्मी के अलवा उरमाल नगर के सभी वर्ग के लोग,आस–पास के गांव से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर 114 यूनिट रक्तदान करने का रिकार्ड बनाया है। संस्था के व्यवस्थापक जसवंत गोयल ने अखिल भारतीय 13 पंथीय युवा समिति के आग्रह पर यह आयोजन करवाया है। राजधानी के आशीर्वाद बल्ड सेंटर ब्लड यूनिट का संग्रह किया है। जसवंत गोयल ने कहा की पिछले एक वर्षो प्रदेश के किसी भी जिले के अस्पताल में इस संस्था के संपर्क में आने वाले के काम में इस यूनिट का उपयोग किया जाता है। गोयल ने रक्त दान के लिए आगे आए माता बहनों एवम उन दिव्यांग जनों का आभार जताया जिन्होंने ने मानव मूल्यों को समझ रक्त दान के लिए आगे आए। आयोजन में पुनीत राम नागेश, पारेश्वर, रामकन्या जोशी, अब्दुल रज्जाक, अमृतलाल जैन,देवन्तीन बाई समेत समिति के सभी सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने सरस्वती शिशु मंदिर संकुल उरमाल के सभी आचार्य दीदी एवं ग्राम वासियों का सहयोग रहा।





### क्षेत्र के जरूरत मंद लोग होते है लाभान्वित

*जसवंत गोयल इस संस्था से जुड़े हुए हैं, जो जरूर मंद लोगों की हर संभव मदद करते हैं।यही वजह है की गोयल के आग्रह पर आज बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान के लिए आगे आए। बीते वर्ष इस शिविर का आयोजन देवभोग में हुआ था, जहां लोगो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया था।*

# गांधी जयंती पर सांदीपनी विद्या मंदिर ने किया चौक चौराहों का साफ–सफाई

जोहार छत्तीसगढ़–पालीडीह।






गांधी जयंती से एक दिन पहले स्वच्छता दिवस मनाया गया क्योंकि गांधी ये मानते थे कि स्वच्छता में भगवान का वास होता है और उनकी नजर में राजनीतिक स्वतंत्रता से ज्यादा जरूरी है।

स्वच्छता लिहाजा आज देश के अलग–अलग हिस्सों में लोगों ने साफ–सफाई की,पीएम मोदी की अपील पर आज लोगों ने एक घंटे एक साथ स्वच्छता ही सेवा के तहत श्रमदान किया,दरअसल इसकी शुरुआत 2014 में की गई जब महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को एक मुहिम से जोड़ा गया। शहर सहित तहसील में महात्मा गांधी की जयंती मनाई जा रही है। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जशपुर जिला अंर्तगत सांदिपनी विद्या मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय पालीडीह के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों तथा ग्राम वासियों के द्वारा पालीडीह चौक में बने यात्री प्रतीक्षालय एवं बेसमेंट सॉप सेंटर का गांधी जयंती के उपलक्ष्य में साफ–सफाई कर श्रम दान दीया गया। विद्यालय के संचालक टंकेश्वर यादव ने सफाई के महत्ता को बताते हुए स्वच्छता को जीवन का मूल आधार बताया एवं जीवन को आनंद दायी बनाने एवं विभिन्न संक्रमणों से बचाने के लिए स्वच्छता अत्यंत आवश्यक बताया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा लोगों के प्रेरणा स्रोत बनकर स्वच्छता कार्य किए गए। वहीं जन मानस को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ जय हिन्द जय भारत सुंदर छत्तीसगढ़ बनाएं रहने संदेश दिए।

## भीम आर्मी ब्लॉक अध्यक्ष समीर घृतलहरे के नेतृत्व में हुआ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं क्षेत्रीय विधायक शकुंतला साहू का पुतला दहन

जोहर छत्तीसगढ़–कसडोल।



भीम आर्मी भारत एकता मिशन ब्लॉक कसडोल में ब्लॉक अध्यक्ष समीर घृतलहरे के नेतृत्व में 30 सितंबर 2023 को 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं क्षेत्रीय विधायक शकुंतला साहू का सैकड़ों के संख्याओं में पुतला दहन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष राजेंद्र घृतलहरे जिला कार्य सदस्य राहुल दिव्य भीम गरज रात्रे एरुस्तम पुरेना,गुरुगोविंद भारद्वाज शामिल हुए कसडोल ब्लॉक के सभी साथियों ने मिल कर पुतला दहन कार्यक्रम को सफल बनाया।

जिसमे जगदीश बंजारे, रामरतन बंजारे,ओंकार बंजारे, रूपलाल बंजारे,प्रदीप कुमार,अभय भारती,निक्कू कुमार, आशीष बंजारे, साहिल बंजारे, सोम घृतलहरे,राहुल बंजारे,रोमी काटले,लक्की काटले, विष्णु बघेल रवि कुमार यशवंत भारद्वाज,अर्जुन भारद्वाज, ज्ञान दास मानिकपुरी, आदि शामिल हुए।



### भीम आर्मी की प्रमुख मांगे

*क्षेत्रीय विधायक शकुंतला साहू द्वारा एससी अनुसूचित वर्ग के लोगों पर बार–बार जातिवाद करना बंद करे। छत्तीसगढ़ के रायपुर की घटना के बलात्कारियों को फांसी देने की मांग। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी को लेकर झूठा वादा करना। छत्तीसगढ़ में हमारे मां एवं बहनों के साथ हो रहे अत्याचार को रोकने में छत्तीसगढ़ सरकार की नाकामी। अनुसूचित जाति के 16: परसेंट आरक्षण को वापस देने की मांग कसडोल विधायक शकुंतला साहू द्वारा अनुसूचित वर्ग के अधिकारियों को स्थानांतरण करने के लिए बार–बार कलेक्टर के ऊपर दबाव डालना।*

# घरघोड़ा नगर अध्यक्ष सहित अधिकारीयों ने किया श्रमदान

## स्वच्छता ही सेवा का दिया संदेश, सभी से सहभागिता की अपील

जोहार छत्तीसगढ़–घरघोड़।



नगर पंचायत घरघोड़ा में स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत 01 अक्टूबर सुबह 10 बजे से कृष्ण कुंज,अर्बन फॉरेस्ट सहित जय स्तंभ चौक, कारगिल चौक, मुक्ति धाम, कब्रिस्तान, हाई स्कूल चौक सहित नगर के समस्त वार्डों में श्रमदान किया गया जिसमें वार्डों के जनप्रतिनिधियों, नागरीको,युवाओं, विद्यार्थियो द्वारा बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया गया। नगर के कृष्ण कुंज में नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष उस्मान बेग, एल्डरमैन नागेंद्र ठाकुर. शिव महंत,विधायक प्रतिनिधि किरोड़ी तायल,सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों भीक्षा दास, रोशन, लीला एसडीएम, तहसीलदार, सीएमओ सहित नगर पंचायत के समस्त अधिकारी–कर्मचारी,स्व सहायता समूह, ब्रह्मकुमारी संस्था और नागरीको द्वारा श्रम दान करते हुए कृष्ण कुंज परिसर मां बैगिन डोकरी मंदिर परिसर साफ किया गया। श्रमदान से नगर में सफाई के महत्व और उसके लिए आदत बनाने, गण मान्य से आम नागरिक सभी की सहभागिता से कचरा का उचित निपटान, डस्टबीन का उपयोग, कचरा सफाई गाड़ी रिक्शा में ही देने का संदेश दिया गया।

### सभी के सहयोग से बनेगा नगर स्वच्छ व सुंदर- सिल्लू चौधरी

नप अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह चौधरी ने कार्यक्रम के पश्चात् अनौपचारिक वार्ता मे बताया की नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का प्रयास लगातार जारी है एक दिवस का श्रमदान करके सभी ने समन्वय एवं सहयोग से स्वच्छता के लिए कार्य करने का संदेश दिया है, हम स्वच्छ एवं सुंदर नगर का सपना साकार करेंगे । शहर को स्वच्छ बनाने में अंतिम व्यक्ति तक का सहयोग जरूरी है जिसके लिए हमारे नगर पंचायत की टीम लगातार कार्य कर रही है और हम नगर को स्वच्छ बनाने इसी तरह अनवरत प्रयास करते रहेंगे।

### अपने मन के साथ साथ घर व आसपास की स्वक्षता जरूरी-उस्मान बेग



उस्मान बेग ने बताया की अपने मन के साथ साथ घर व आसपास की स्वक्षता जरूरी है वही कहा की घरघोड़ा में सुबह से ही लोग उत्साह के साथ अपने आसपास के इलाके की साफ–सफाई के लिए जुटे रहे। कालेज बच्चों ने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने रैली निकाली और स्वच्छता ही सेवा का संदेश भी दिया। सामाजिक संगठनों ने भी शहर को स्वच्छ बनाने के लिए लोगों से प्लास्टिक का उपयोग न करने, कचरा न फैलाने और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की महात्मा गांधी के स्वच्छता को लेकर दिखाए मार्ग पर चलते हुए छत्तीसगढ़ को लगातार स्वच्छतम राज्य का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। जिससे स्वच्छता का छत्तीसगढ़ मॉडल सफल हो रहा है। वही कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का विषय नहीं है बल्कि यह हमारे जीवन से जुड़ी सबसे प्रमुख जिम्मेदारी है। सामूहिक रूप से यह जिम्मेदारी निभाकर हम महात्मा गांधी के स्वच्छता के संकल्प और उद्देश्य को साकार कर पाएंगे।

# ग्रामवासियों को हेल्मेट, छतरी, पेन,कापी का वितरण किया

## ग्राम मुरता के मेघावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

एसपी बेमेतरा भावना गुप्ता भापुसे के द्वारा पुलिस अनुविभाग बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम मुरता में समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत मुरता के सरपंच एवं ग्राम की महिला के द्वारा ग्राम मुरता में नशीली पदार्थ बिक्री होने के संबंध में अपनी शिकायत बताये एवं एक स्कुली छात्रा ने समस्या बतायी कि गांव के स्कुल में बरसात के समय में पानी भरने से अध्यापन कार्य में बाधा उत्पन्न होने एवं एक ग्रामीण ने जमीन संबंधी समस्या के बारे में शिकायत बताये। ग्राम मुरता में नशीली पदार्थ बिक्री होने के संबंध में शिकायत पर एसपी बेमेतरा ने तत्काल थाना प्रभारी चंद्रदेव वर्मा को कार्यवाही करने निर्देशित किया। अन्य ग्रामीणों के द्वारा भी अपनी शिकायत/गुजारिश किये जिसकी समस्या को स्वयं सुना एवं शिकायत का निराकरण मौके पर ही किया जाना संभव था उनका समाधान तत्काल किया गया। राजस्व विभाग से संबंधित शिकायत को संबंधित विभाग को थाना प्रभारी को सूचित करने निर्देशित किया गया। छात्रा द्वारा बताये स्कुल की समस्या के संबंध में एसपी बेमेतरा ने स्वयं जिला



प्रशासन के समक्ष उक्त समस्या का निदान हेतु आश्वस्त किया। एसपी बेमेतरा भावना गुप्ता भापुसे ने ग्रामवासियों को अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप एवं हमर बेटी हमर मान के तहत सेल्फ डिफेंस, महिलाओं पर हो रहे अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनके रोकथाम तथा महिलाओ एवं बालिकाओ पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा सायबर अपराधों से बचाव हेतू महत्वपूर्ण जानकारी दी। बेटी बचावए बेटी पढाओं को लेकर लोगो को जागरूक किया गया। समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 देकर अपनी समस्या एवं शिकायत की जानकारी तुरंत पुलिस को देने हेतु सलाह दी गई तथा किसी भी प्रकार के नशे का सेवन न करने, परिवार गांव समाज को नशा मुक्त बनाने एवं देश के विकास में सहयोग प्रदान करने, नशे के कारणों व उनसे व्यक्ति व समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव व नशे की लत से मुक्ति के उपाय विषय पर सार्थक चर्चा परिचर्चा की गई तथा युवाओ को नशे से दूर रहने समझाईस दिया गया। समाधान शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा जनता के द्वारा बताई जाने वाली समस्याओं के त्वरित निराकरण करना है। साथ ही कहा कि आने वाला समय अभी चुनाव का है हमें अपनी भागीदारी देनी है आप लोग जितने भी 18 वर्ष से उपर आयु के है वें सभी अपने मताधिकार का उपयोग करें और जिस दिन मतदान होना है उस दिन अपना सब काम छोड कर मतदान करें।किसी के प्रलोभन में न आये। एसपी बेमेतरा भावना गुप्ता ने छात्र-छात्राओ को पढाई के संबंध में मार्गदर्शन देते हुए कहा कि अनुशासन में रहने, अनुशासन में




रहकर ही लक्ष्य को प्राप्त करने समझाईस दिया गया। तथा छात्र-छात्राओं को भविष्य के सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया एवं विषम परिस्थितियों में अपनें नैतिक बल ऊंचा रखना, परिस्थितियों से लड़ने के लिए कई उदाहण प्रस्तुत कर टिप्स दिये गए।

एसपी बेमेतरा भावना गुप्ता ने आज 2 अक्टुबर महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर उनके संबंध में छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को बताया कि सन 1915 में दक्षिण आफ्रि का से वापस आकर संपूण भारत भ्रमण कर अध्ययन किया कि लोगो में जागरूकता की कमी है लोगो को जागरूक बनाने के लिए गांधी जी ने भारत में असहयोग आंदोलन, डांडी मार्च, भारत छोड़ो आंदोलन जैसे सत्याग्रह का सहारा लेकर लोगो को जागरूक किया। बेमेतरा पुलिस द्वारा भी समाधान शिविर के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही है। एसपी बेमेतरा पंकज पटेल ने समाधान के उपयोगिता के बारे में बताया कि एसपी बेमेतरा द्वारा जारी किया गया।

हेल्पलाईन नंबर एक बहुत ही महत्वपूर्ण माध्यम बना है उन्होने बताया इस हेल्पलाईन को स्वयं पुलिस अधीक्षक की निगरानी में संपादित किया जा रहा है जिसका अधिक से अधिक उपयोग कर समस्याओं को बताने समझाईश दिया गया। साथ ही यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यातायात के नियमों का हमेशा पालन करने एवं अधिक से अधिक हेलमेट धारण संबंधी प्रोत्साहन देने हेतु पुलिस का सहयोग करें, जिससे सड़क हादसों के दौरान संभावित हेलमेट नहीं पहनने के कारण हो रही मौतो को रोका जा सके। एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की ने आयोजित समाधान शिवर को बहुत ही उपयोगी और जनता के लिए सहयोगी बताया, साथ ही सामाज में घटित होने वाले महिला संबंधी अपराध, सायबर फ्राड, यातायात नियमों के संबंध में बताकर लोगों को जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा गांव के प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा महिला स्वसहायता समुह, ग्रामीणों एवं बच्चों को हेल्मेट, छतरी, कापी पेन का वितरण किया गया। स्कुली छात्राओं ने एसपी महोदय से रूबरू हुये और एसपी से बातचीत कर खुशी जाहिर किये। साथ ही 1 अक्टुबर को मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के संबंध में भी ग्राम के वृद्धजनों को साल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में थाना नवागढ प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, नायब तहसीलदार नवागढ सुमित देवांगन, सउनि मोहन साहू, जनपद सदस्य सहोद्रा साहू, ग्राम सरपंच मुरता हेमंत साहू एवं ग्राम मुरता के वरिष्ठ नागरीकगण, हाईस्कुल एवं हायर सेकंडरी स्कुल के प्राचार्य व अध्यापकगण एवं थाना नवागढ़ के अन्य पुलिस अधि/कर्म.उपस्थित रहे।

## एक नजर

### महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें किया याद

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व लालबहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर 2023 को मनाया गया। कलेक्टर चंदन कुमार सहित कलेक्टोरेट के अधिकारी कर्मचारियों ने कलेटोरेट परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं लालबहादुर शास्त्री की छायाचित्र पर माल्यर्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन एवं याद किया। इसके साथ ही अमर शहीद वीर नारायण सिंह व संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर भी माल्यर्पण किया गया। अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगान पाश्चत महात्मा गांधी अमर रहे। लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे एवं भारत माता की जय के जयकरे लगाए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, सहायक कलेक्टर सुश्री नम्रता चौबे, डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर,अंशुल वर्मा,नितिन तिवारी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के किसानों मजदूरों एवं युवाओं के चहेते डॉ.जगजीवन खरे हो सकते है भाजपा के उम्मीदवार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

नवागढ़ विधानसभा राजनीतिक कशमकश के बीच में लोग टिकट की दावेदारी को लेकर प्रबलतम से नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी के रूप में अपनी-अपनी ताकत लगा रहे हैं बहरहाल नवागढ़ सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र होने के साथ-साथ टिकट सुनिश्चित नहीं होने से कार्यकर्ताओं में एवं पैनल में नामित उम्मीदवारों की छूट रहे पसीने आखिर किसकी चेहरा नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में उतरने की तैयारी वाला कमान ने किया है विधानसभा चुनाव महज कुछ दिन बाकी है तो ऐसे में टिकट के दावेदार अपना रहे हैं तो वहीं भाजपा कांग्रेस में अब प्रत्याशियों का चेहरा भी साफहोने लगा है। और नवागढ़ क्षेत्र में नया चेहरे भाजपा से डॉ.जगजीवन खरे के नाम चर्चा का विषय बना हुआ है क्षेत्र की जनता इस बार नए चेहरे भाजपा पार्टी की ओर से चाह रहे हैं बाहर हाल इसमें पार्टी के आला हाई कमान अपने सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक उम्मीदवार उतरेंगे लेकिन नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र कें जनता डॉ. जगजीवन खरे के बारे में कहा जाता है कि नवागढ़ में जनता के बीच उनकी इमेज काफी अच्छी है और एक पढ़े लिखे व्यक्ति तथा जनता के बीच वे काफी लोकप्रिय हैं यदि उनके स्थान पर किसी और को वहीं से प्रत्याशी बनाया जाता है तो नवागढ़ से भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ सकता है बहरहाल जनता की विचारों के आंकड़ों को हमने आम नागरिक के बीच में अपने लेखनी के माध्यम से पहुंचने का प्रयास किया है।



# ग्राम पंचायत तोरा में मनाया गया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

ग्राम पंचायत तोरा में धूम धाम से मनाया गया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती। इस बीच हमारे ग्राम पंचायत तोरा के सरपंच जीवनधार साहू महात्मा गांधी के विचारो के बारे में कहा कि अपना पूरा जीवन, गांधी ने खुद को सत्य सत्याग्रह, अहिंसा, करुणा और दयालुता के अभ्यास के लिए समर्पित कर दिया।




सीखने के विज्ञान के नवीनतम शोध से संकेत मिलता है कि अगर ये सिद्धांत हमारे युवाओं द्वारा अपनाए जाते हैं तो हमें उन गंभीर चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी जिनका सामना आज दुनिया कर रही है। इस अवसर पर पंचायत के उपसरपंच कुलेश्वर देवांगन ने लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक रहने और इस पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा तथा आजादी एवं शांति की स्थापना ही उनके जीवन का एक मात्र लक्ष्य था। गांधी द्वारा स्वतंत्रता और शांति के लिए शुरू की गई इस लड़ाई ने भारत और दक्षिण अफ्रीका में कई ऐतिहासिक आंदोलनों को एक नई दिशा प्रदान की और शिक्षा के प्रति गांव के नागरिकों से अपील भी किया कि वह अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा के प्रति विशेष रूप से जागरूक करने के लिए कहा और प्रत्येक बच्चों के लिए यह संदेश भी दिया कि जिस प्रकार गांधी ने शिक्षा को मानव विकास के लिए जरूरी बताया है ठीक उसी प्रकार हम शिक्षा की बदौलत ही अच्छे बुरे का ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। इस बीच पंचायत सचिव गौकरण सिंह ठाकुर, पंच रामाधार साहू, जयप्रकाश साहू, सुरेश साहू, उमेश्वरी साहू बिजन ध्रुव, बबिता साहू, प्रमिला साहू, लेखु साहू, हीरा साहू महिला समूह के सदस्य मेनका साहू, लता साहू, पुष्पा साहू, ललिता साहू, गैंदी साहू, द्रुपति साहू लोग उपस्थित थे।

# लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में मनाया गया वेलकम पार्टी



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिला में स्थित लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय स्नातक अंतिम एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के छात्राओं द्वारा वेलकम पार्टी बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनिता गौतम सहित समस्त विषयों के सहायक प्राध्यापकों के साथ ज्ञान की देवी मां सरस्वती की चित्र पर पुष्प अर्पित करके दीप प्रज्वलित किया गया साथ ही साथ कार्यक्रम की शुरुवात किया गया। पश्चात महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के छात्राओं द्वारा प्राचार्य डॉक्टर गौतम एवं समस्त प्राध्यापकों का बैच एवं गुलाल लगाकर के स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के इस शुभ अवसर पर बीए बीकॉम बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्राओं द्वारा प्रथम वर्ष पर नवप्रवेशित छात्राओं का भी अभिनंदन किया गया साथ ही साथ प्रथम वर्ष के छात्रों को यह भी बताया गया कि महाविद्यालय की पढ़ाई कैसी एवं किस प्रकार से करनी चाहिए जिससे उनको सफलता मिल सके इसके साथ छात्रों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य, कविता, गीत द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत करके वेलकम पार्टी के अवसर पर चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर सभी छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समाप्ति पर समाजशास्त्र विभाग की एचओडी श्वेता पावले द्वारा आभार प्रकट किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ गौतम ने सभी को सफलतापूर्वक कार्यक्रम आयोजित करने लिए धन्यवाद कहा एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी प्रेषित किया।

# छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता रैली निकालकर स्कूल प्रांगण में साफ-सफाई अभियान चलाया




जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

ग्राम पंचायत नारायणपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान और स्वच्छता श्रमदान अभियान के अवसर पर रविवार को शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता रैली निकालकर स्कूल प्रांगण में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें गांव कि सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा एकजुट होकर स्कूल प्रांगण, महामाया प्रांगण, बाजार चौक, पंचायत भवन, तालाब, धार्मिक स्थलों और कार्यालय की साफ-सफाई की। जिससे गांव व स्कूल मंदिर तालाब व पंचायत साफ सुथरा हो सकें और गांव के लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सकें। साथ ही महिलाएं लोगों को नशापान से दूर रहने तथा किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने की अपील कीए समूह की महिलाएं शौचालय उपयोग करने लोगों को प्रेरित किया साथ ही पानी पाउच डिस्पोजल इत्यादि का समुचित उपयोग बाद डस्टबिन में डालने सहयोग करने लोगों को कहांएविदित है कि मुख्यमंत्री ने 1 अक्टूबर को स्वच्छता श्रमदान अभियान के अवसर पर समस्त नागरिकों को समय निकालकर श्रमदान के इस अभियान में सहयोग की अपील की थी और गांधी जयंती के अवसर पर राज्य के हर गली मोहल्ले को सेवाग्राम बनाने में अपना योगदान देने के लिए प्रयास करने का आव्हान किया था। इस दौरान स्वच्छता अभियान में सरपंच बिसाहू राम साहू, राजेश क्षत्री, अनीता साहू, कल्याणी साहू, शिवकुमारी दोणड़े, कुंजलाल जायसवाल,रितेश कुमारी,करूणा जायसवाल,सुनील साहू,हेमराम साहू, सावित्री साहू, पुष्पा साहू,लता करुणा, ममता साहू, संतोष साहू,हेमकुमार साहू, दुर्गेश साहू,मलेशवर पटेल, सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सतनामी समाज का एक दिवसीय अधिवेशन संपन्न

## सर्वाधिक मतदाता वाले समाज की उपेक्षा पड़ेगा भारी

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

सतनामी समाज चाह रहे हैं कि उनके समाज के व्यक्ति को इस बार कसडोल विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय पार्टियों द्वारा उम्मीदवार बनाकर विधानसभा में भेजे। इसके लिये जिला बलौदाबाजार के पलारी विकासखंड के अंतर्गत स्थित सतनामी समाज भवन में हजारों की संख्या में सतनामी समाज के युवा सामाजिक जनप्रतिनिधि समाज के कर्मचारी अधिकारी ने बैठक कर विधानसभा कसडोल से सतनामी विधायक बनाने की बात कही। इसके पूर्व भी सतनामी समुदाय के लोग लवन और कसडोल में बैठक आयोजित किये थे। और सतनामी समाज से उम्मीदवार प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास किया गया और इसी कड़ी को समाज के जनमत को मजबूत करने के लिये पलारी में भी बैठक रखा गया। आगामी बैठक संडी, रोहंसी परिक्षेत्रो में प्रस्तावित है इसके तत्पश्चात जिलास्तरीय बैठक का आयोजन भी संभावित है। सतनामी समाज आगामी विधानसभा चुनाव में अपने समाज से विधायक उम्मीदवार बनाने की मांग को लेकर एक जुट होते हुए जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी की बात को लेकर अपना आवाज बुलंद कर रहें है। सतनामी समाज के प्रतिनिधियों ने कहा की विधानसभा कसडोल में उनके समाज की सर्वाधिक मतदाता है जो कि अकेले विधायक बनाने का दमखम रखता है बावजूद राष्ट्रीय पार्टियों द्वारा उनकी उपेक्षा की जाती हैए जिससे सतनामी समाज में भारी रोष है। अगर इस बार भी राष्ट्रीय पार्टियां द्वारा कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया तो सतनामी समाज कड़ा रुख अपनाएगा। समाज प्रमुखो ने बताया की कसडोल विधानसभा में सर्वाधिक सतनामी मतदाता है। सबसे ज्यादा सतनामी मतदाता होने के कारण इस बार सतनामीयों की प्रबल दावेदारी बनती है। जिसकी उपेक्षा करना राजनीतिक दलों को भारी पड़ सकता है। समाज प्रमुखो ने कहा कि सतनामी समाज को कमजोर करने के लिए पलारी विधानसभा खत्म करके कुछ क्षेत्र बलौदाबाजार व कसडोल को जोड़कर सतनामी समाज की सुरक्षित सीट को षड़यंत्रपुर्वक खतम करते हुए कसडोल विधानसभा बना दी और उसे सामान्य सीट घोषित कर दिया गया। कसडोल विधानसभा में पूर्व






से लेकर अभी तक सबसे ज्यादा संख्या सतनामी मतदाता की है। चुकि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिये आदर्श आचार सहिता कुछ इसी माह घोषित होना संभावित है। चुनाव से संबंधित चाहे जिला प्रशासन हो पुलिस हो या राजनीतिक पार्टियां, सभी चुनाव की तैयारियों में जुट गए है। कसडोल विधानसभा में सतनामी समुदाय के विभिन्न संगठन व अनेकों पार्टियों में जुड़े सतनामी कार्यकर्त्ता एकजुट होकर अपने समाज से ही कसडोल विधायक बनाने पर जोर दे रहें है जिससे समाज को दरकिनार करने वाली राष्ट्रीय पार्टियों में हड़कंप मचा हुआ है। बहरहाल राष्ट्रीय पार्टीयों से कसडोल विधानसभा में सतनामी समुदाय से टिकट सुरक्षित करने की मांग की जा रही है। यदि फिर भी राष्ट्रीय पार्टी उन्हें टिकट नहीं देती तो फि र अन्य पार्टी या स्वतंत्र प्रत्याशी पर विचार करने की बात कही जा रही है। पुरे विधानसभा क्षेत्र के सतनामी समाज इस बार दृढ़ संकल्प लेकर सतनामी विधायक बनाने की जिद पर अड़ गया है। ग्रामीण एवं शहरी सभी क्षेत्रों में समाज की विधायक बनाने की मांग व चर्चा जोरो सोरो से चल रही है। अगर राष्ट्रीय पार्टियों द्वारा इस मांग को गंभीरता से नहीं लेने पर समाज द्वारा कम आबादी वाले समुदायों के मतदाता से गठबंधन कर चुनाव कार्य संपन्न करेंगी। समाज के बुद्धजीवी प्रबुद्धगण द्वारा अपने वक्तव्य के दौरान बताया कि समाज के उपर हो रहे अपमान, अन्याय,अत्याचार,शोषण एवं उपेक्षाओं को समाज के प्रत्येक व्यक्ति महसूस कर रहा है। सतनामी समाज का एक दिवसीय अधिवेशन का प्रमुख उद्देश्य कसडोल विधानसभा में राष्ट्रीय पार्टियों द्वारा सतनामी समाज वर्ग के सबसे ज्यादा मतदाता होते हुए भी टिकट नहीं देते हुए उपेक्षा किये जाने पर समाज द्वारा स्वतंत्र उमीदवार उतारकर विधानसभा भेजनें की बातें कही जा रही है। सतनामी समाज में समाज प्रमुख एवं भंडारी.साटीदार,युवा.बुजुर्ग, अधिकारी कर्मचारी, किसान मजदूर, उद्यमी जनप्रतिनिधि सहित सभी वर्गों में कसडोल विधानसभा से सतनामी विधायक बनाने की बात को लेकर निरंतर बैठक किया जा रहा है जो इस बार राजनीतिक समीकरण को बिगाड़ने में अहम भूमिका निभा सकता है।

# भूपेश है तो भरोसा है को लेकर निकाली गई भरोसा यात्रा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

*छत्तीसगढ़ कांग्रेस के द्वारा एक दिवसीय कांग्रेस भरोसा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में निकाली गई। प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री, विधायक भी अपने क्षेत्र के इस भरोसा यात्रा में शामिल हुए।*



पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में कांग्रेस के द्वारा भरोसा यात्रा निकाली गई। इस कड़ी में रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ कांग्रेस ने भी विधानसभा क्षेत्र में यात्रा निकाली गई। इस दौरान शासन की योजनाओं के बारे लोगों को बताया गया। यात्रा में शामिल विधायक लालजीत ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार भरोसे की सरकार है और जनता का विश्वास कायम रखने के लिए यह यात्रा निकाली गई। वहीं इस दौरान विधायक लालजीत ने भूमि पूजन भी किया। धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के इस भरोसा यात्रा में क्षेत्रीय विधायक लालजीत सिंह राठिया, ब्लॉक प्रमुख रितुराज सिंह व विधानसभा प्रभारी रत्ना पैंकरा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## एक नजर

### युवा पत्रकार मनीष सिंह डेंगू की चपेट, जिंदल अस्पताल में चल रहा उपचार

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ जिले में डेंगू मरीजों की संख्या दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। इस साल अब तक शहर में लगभग 324 मरीज सामने आ चुके हैं। हालाकि इनमे से अधिकतर मरीज ठीक होकर वापस घर आ चुके हैं लेकिन लगातार बढ़ रहे डेंगू के मामले चिंताजनक हैं। युवा पत्रकार मनीष सिंह खबर उजागर के संपादक भी डेंगू की चपेट में आ गए हैं तथा उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कर अपचार जारी है।



रविवार को सुबह तेज फीवर के चलते उनको जिंदल अस्पताल में भर्ती कराया गया। 24 घंटे तक डॉक्टर्स की टीम ने उन्हें ऑब्जर्वेशन में रखकर इलाज किया जा रहा है। युवा पत्रकार मनीष सिंह की तबीयत अब ठीक है। उन्हें जब अस्पताल लाया गया थाए तब उनको 101 डिग्री बुखार था। यहां पर सारे टेस्ट के बाद उनकी डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव आई साथ ही साथ टाइफाइड की समस्या बताई जा रही है। लगातार बढ़ रहे डेंगू के मामले को देखते हुए जिला कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम की ओर से फॉगिंग और कीटनाशकों के छिड़काव में अमला लगा हुआ है। डेंगू के कर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग निगम और प्रशासनिक तंत्र भी सक्रिय हो गए है। जिला मलेरिया कार्यालय की ओर से भी सर्वे टीम को लगाया गया है। यह टीमें डेंगू फैलाने वाले मच्छरों के लार्वा के सर्वे में जुटी हैं।

### युवक को पीटा

**रायपुर** । बैरागी डेरा चौक के पास पुरानी रंजिश के चलते दो लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कमलेश बैरागी 32 वर्ष बैरागी डेरा चौक के पास सड्डू का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के पड़ोस में रहने वाले आरोपी गगन बैरागी व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# धरमजयगढ़ स्वच्छता महिला कर्मचारियों ने मनाई गांधी जयंती

* श्रद्धासुमन अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

आज महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन के अवसर पर देश भर में दोनों महान विभूतियों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया गया। 2 अक्टूबर को रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ नगर पंचायत स्वच्छता महिला कर्मचारियों ने गांधी चौक पर बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। इस दौरान वहां वार्ड पार्षद विजय यादवए बीजेपी के युवा नेता नरेश पटेल व बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी उपस्थित रहे।



# दुर्घटना से बाइक चालक का हाथ टूटा, अज्ञात ट्रक ने लिया चपेट में

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।

अज्ञात ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। जिसे 112 के मदद से सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रिफ र कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बाईक सवार ठंठाराम राठिया पिता झिमाराम निवासी बरतापाली अपने रिश्तेदार के घर बलपेदा जा रहा था। तभी रायगढ़ रोड में गांधी चौक से कुछ दूरी पर ही ट्रक के चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो ट्रकों के बीच फ ंसकर यह दर्दनाक घटना हुआ है। घटना से बाइक सवार का बायां हाथ टूट गया है।



# छत्तीसगढ़ सिक्ख सम्मेलन का हुआ सफल आयोजन

रायपुर । छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज का राज्य स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न हुआ, छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय सिक्ख सम्मेलन का आयोजन अटल बिहारी बाजपेयी ऑटिडोरियम मेडिकल कॉलेज जेल रोड रायपुर में किया गया। इस दौरान सिक्ख




समाज के प्रतिनिधिमंडल समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। वहीं छत्तीसगढ़ टेनिस के महासचिव व समाजसेवी गुरुचरण सिंह होरा, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं, वर्तमान भारतीय जनता पार्टी के सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा,बलदेव भाटिया,विधायक स कुलदीप जुनेजा जी,पूर्व विधायक स गुरमुख सिंह होरा जी,अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष स महेंद्र सिंह छाबड़ा जी,खाद्य आयोग के अध्यक्ष स गुरप्रीत बाबरा जी,राज्य सहकारी संघ के उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह भाटिया जी,आर डी ए चेयरमैन स सुभाष धुप्पड़ जी,प्रदेश कांग्रेस के संगठन प्रभारी महासचिव स मलकीत सिंह गेदु जी,पूर्व महासचिव अमरजीत चावला जी,गुरबक्स सिंह छाबड़ा जी,सिक्ख समाज के संयोजक स सुरेंद्र सिंह छाबड़ा जी,स दिलीप सिंह होरा जी राजनादगाव जिला कांग्रेस अध्यक्ष स कुलवीर सिंह छाबड़ा जी, भाजपा प्रवक्ता अमरजीत छाबड़ा,युथ विंग,महिला विंग एवं सिख समाज के सभी जिले की संगत एवं सभी गुरुद्वारे के मुखिया कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे, जहां गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया गया। सभी ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मलेन सफलतापूर्वक संपन्न रहा, इसमें बड़ी संख्या में सिक्ख समाज के लोग शामिल हुए, सिक्ख समाज द्वारा लगातार जनहित कार्य किये जा रहे है, बाहरी लोगों की बातों में न आए, सिक्ख समाज के लिए देश सबसे पहले है, समाज सबसे पहले है। राष्ट्र प्रथम है। आजादी की लड़ाई में और आजादी के बाद भी सिख समाज देश के लिए योगदान देता आ रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रभारी कुमारी सैलजा , उपमुख्यमंत्री ट्रस बाबा साहब, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आदरणीय दीपक बैज , सहित सैकड़ों की संख्या में संगत उपस्थित रही प्रथम सत्र में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स मनजीत सिंह सिरसा सेक्रेटरी एवम गुरमीत सिंह भाटिया दिल्ली से उपस्थित रहे, कार्यक्रम में जबलपुर से दलवीर सिंह जस्सल, बलविंदर कौर मान एवम इटारसी से परमजीत सिंह लाली भी उपस्थित हुए कार्यक्रम में समाज के विशिष्ट कार्य करने वालो का सम्मान किया गया। एवं सभी ने आगे समाज की एक जुटता एवं युवा पीढ़ी के सम्हाल एवं राजनीति में समाज की भूमिका पर अपने अपने विचार सब के सामने रखे।।



# प्रधानमंत्री के अवाहन पर डीएवी स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

महात्मा गांधी के जन्मदिन से पहले देश में 1 अक्टूबर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी अभियान के तहत धरमजयगढ़ मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षको द्वारा कई मुद्दों पर जागरूकता रैली निकालते हुए आम जनता के बीच विभिन्न मुद्दों के हानिकारक प्रभाव और उससे बचने के उपाय को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया। वर्तमान में रायगढ़ जिला कई बीमारियों से जूझ रहा है इसमे डेंगू बहुत बड़ा खतरा बन गया है जिसे जड़ से खत्म करने के लिए पूरे जिले में बड़े पैमाने पर जोरो-सोरो से प्रयास किया जा रहा है जिले के सभी जगह नालियों, घरों के आस-पास डीजल, केरोसिन, मोबिल का छिड़काव किया जा रहा आस-पास के सभी जगह की साफ-सफाई की जा रही है। इसी कड़ी में धरमजयगढ़ डीएवी स्कूल के बच्चों द्वारा भी स्कूल,के आसपास की जगह मंदिर परिसर की साफ-सफाई की गयी। बच्चों द्वारा स्कूल से रैली निकलकर जनता के बीच वर्तमान में कई अहम् मुद्दे जैसे की मलेरिया, सर्प दंश, प्रदूषण, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव जैसे कई बीमारियों की जानकारी देते हुए प्रदुषण ना फैलाने और आस-पास साफ-सफ ाई रखने का आग्रह किया गया जिससे डेंगू मलेरिया जैसे बीमारियों से बचा जा सके।




# शासकीय संत गहिरा गुरु रामेश्वर महाविद्यालय में मनाई गई गांधी जयंती




जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय से संबंध शासकीय संत गहिरा गुरु रामेश्वर महाविद्यालय लैलूंगा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए स स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर एवं नगर की गलियों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभा कक्ष में चित्रकला प्रतियोगिता तथा व्याख्यान आयोजित किए गए। उक्त कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छ भारत का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य तथा समस्त प्रध्यापकगण उपस्थित रहे।


## दी गई एक लाख रुपये की संवेदना राशि

# दो महीने में 3 दिवंगत शिक्षक परिवार का सहारा बना संयुक्त संवेदना योजना

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

सूरजपुर जिले में संचालित संयुक्त संवेदना योजना लगातार दिवंगत शिक्षक के परिवार को संबल प्रदान कर रहा है। विगत दो महीने के भीतर तीन शिक्षक साथी दिवंगत हो गए। जिनके परिजनों को एक.एक लाख रुपये की संवेदना राशि समिति द्वारा दी जा चुकी है। गौरतलब है कि अगस्त माह में हमारे शिक्षक साथी जागर साय पुहुप,सितंबर माह में रीता साहू व रामसाय पैंकरा का आकस्मिक का निधन हो गया। पिछले माह ही दो दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को एक-एक लाख रुपये की संवेदना राशि दी जा चुकी है। उसी तारतम्य में माशा सिरसी में पदस्थ शिक्षक रामसाय पैंकरा के दिवंगत होने पर उनकी धर्मपत्नी सुखमनिया पैंकरा को संयुक्त संवेदना समिति द्वारा उनके निवास स्थान दवनसरा दर्रीघाट जाकर एक लाख रुपये की संवेदना राशि प्रदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समिति संचालक सचिन त्रिपाठी ने बताया कि ये योजना विगत तीन वर्षों से संचालित है जिसमे पहले वर्ष 890, दूसरे वर्ष 991 व वर्तमान वर्ष में 1275 सदस्य है। योजना के नियमानुसार सदस्यों के दिवंगत होने पर उनके परिजनों को एक लाख रुपये की संवेदना राशि प्रदान की जाती है। अभी तक 11 दिवंगत शिक्षक साथियों के परिजनों को 11 लाख रुपये की संवेदना राशि दी जा चुकी है। आज संवेदना राशि सौपने के दौरान राकेश शुक्ला, राधेश्याम साहू,मनोज कुशवाहा, सुरेंद्र दुबे,मो.महमूद, कृष्णा सोनी, मनोहर लाल गुप्ता, अजय राजवाड़े, संधारी देवांगन, कुलदीप सिंह, राज कुमार कुशवाहा, महेश पैंकरा,भैया लाल सिंह, राजेश प्रसाद दुबे, बजरंग लाल गुप्ता, रामचरण सिंह, राम नंदन पैंकरा, विजय पैंकरा, विजय गुप्ता, रविकांत पैंकरा, संतोष गुप्ता, संतोष यादव, सुश्री मंजू लाल, आरती लाल, रामरतन पैंकरा,राम नारायण पैंकरा, सुरित लाल पैंकरा इत्यादि शिक्षक गण उपस्थित रहे।






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in